www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 34.c
26.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 88.390g
चांदी 91.500 kg

2 नाकामी की पोल खोलता नदियों का प्रदूषण, राजनीति इच्छाशक्ति बढ़ाना होगा
होली पर ससुराल आए मजदूर की रेलवे ट्रैक पर मौत 04

वर्ष :08 अंक :264 मुंबई ,सोमवार ,17 मार्च , 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### आईओसी का उप महाप्रबंधक दो लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

भारतीय तेल निगम (आईओसी) के एक उप महाप्रबंधक को यहां एक गैस एजेंसी के मालिक से कथित तौर पर दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सतर्कता विभाग की विशेष जांच इकाई–1 के अधिकारियों ने आईओसी के एनार्कुलम स्थित कार्यालय के डीजीएम एलेक्स मैथ्यू को शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे कुरावणकोणम में शिकायतकर्ता के घर से रंगे हाथों पकड़ लिया। सतर्कता विभाग ने बताया कि मैथ्यू ने शिकायतकर्ता की पत्नी की आईओसी लाइसेंस प्राप्त गैस एजेंसी से ग्राहकों को अन्य एजेंसी में स्थानांतरित करने से रोकने के लिए उससे कथित तौर पर 10 लाख रुपये की मांग की थी। उसने बताया कि जब शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया तो अधिकारी ने 1,200 कनेक्शन विभिन्न अन्य एजेंसी को कथित तौर पर स्थानांतरित कर दिए। विभाग ने बताया कि बाद में आरोपी ने शिकायतकर्ता को चेतावनी दी कि अगर शनिवार को उसके तिरुवनंतपुरम आने पर उसे रिश्वत का भुगतान नहीं किया गया तो और अधिक ग्राहकों के कनेक्शन स्थानांतरित किए जाएंगे।

### कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौत

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में चौविया इलाके में इटावा–फरुर्खाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की आमने–सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि इटावा–फरुर्खाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीं पुलिया के पास शनिवार शाम तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में मोटरसाइकिल सवार मोहन पाल (19) की मौके पर मौत हो गई जबकि गम्भीर रूप से घायल भोला राठौर (22) ने पीजीआई सैफई में देर शाम इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पाकिस्तान ने शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता से दिया : पीएम मोदी

## लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बोले पीएम मोदी

पॉडकास्ट

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बचपन के बारे में बताया, घर पर जीवन को याद किया और कई यादों को ताजा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रिडमैन को गुजरात में अपने गांव और अपने परिवार के साथ घर पर बिताए गए साधारण जीवन के बारे में बताया। उन्होंने याद किया कि कैसे एक लड़के के रूप में उन्हें चाक से कैनवास के जूते सफेद करने पड़ते थे और अपने कपड़ों को गर्म पानी से भरे तांबे के बर्तन में प्रेस करना पड़ता था।



एजेंसी

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया . इस दौरान उन्होंने उम्मीद जताई कि उसे सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो कुछ भी सिखाया है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वही सिखाता है. पॉडकास्ट आरएसएस को लेकर उन्होंने कहा, मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य था, देश के काम आना. यही मुझे संघ ने सिखाया है. आरएसएस की स्थापना के इस वर्ष 100 साल पूरे हो रहे हैं. दुनिया में आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संगठन नहीं है. आरएसएस को समझना कोई आसान काम नहीं है.

### 'शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया'

पीएम मोदी ने कहा, मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, लेकिन शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से मिला. हम पूरी उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा,प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं क्योंकि वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहते हुए थक गए होंगे, जहां मासूम बच्चे भी मारे जाते हैं और अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो जाती हैं.

### आलोचना लोकतंत्र की आत्मा

फ्रिडमैन ने पीएम मोदी से उन पर की गई आलोचना और इससे निपटने के तरीके के बारे में पूछा। इस पीएम ने कहा कि वे इसका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। अगर लोकतंत्र वास्तव में आपकी रगों में बहता है, तो आपको इसे अपनाना चाहिए। हमें अधिक आलोचना करनी चाहिए, और यह तीखी और सुविचारित होनी चाहिए। हमारे शास्त्रों में कहा गया है: 'अपने आलोचकों को हमेशा अपने पास रखें'। आलोचकों को आपका सबसे करीबी साथी होना चाहिए क्योंकि वास्तविक आलोचना के माध्यम से आप जल्दी सुधार कर सकते हैं और बेहतर अंतर्दृष्टि के साथ लोकतांत्रिक तरीके से काम कर सकते हैं।

# बोडो युवा ओलिंपिक की तैयारी में जुटें:शाह

## कांग्रेस कहती थी बोडो क्षेत्र में शांति नहीं आएगी, यहां के युवा बंदूक छोड़ तिरंगा थामे हैं

केंद्र सरकार ने 35 लाख जनसंख्या वाले बोडोलैंड के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए दिए हैं। बोडो समझौते के 82% प्रावधानों को लागू कर दिया गया है, बाकी अगले दो साल में पूरे कर लिए जाएंगे।

एजेंसी

गुवाहाटी , केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने बोडो समझौता साइन किया था, तब कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया था, लेकिन इस समझौते से क्षेत्र में शांति और विकास आया है ।शाह असम के कोकराझार में अखिल बोडो छात्र संघ के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 35 लाख जनसंख्या वाले बोडोलैंड के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए दिए हैं। बोडो समझौते के 82% प्रावधानों को लागू कर दिया गया है, बाकी अगले दो साल में पूरे कर लिए जाएंगे ।शाह ने बोडो युवाओं से 2036 ओलिंपिक की तैयारी करने का आह्वान किया। शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने यह कहकर हमारा मजाक उड़ाया था कि बोडो टेरिटोरियल रीजन में कभी शांति नहीं आएगी ।उन्होंने कहा कि अब बोडो के युवा बंदूक के बजाय तिरंगा उठाते हैं और यह बोडो शांति समझौते के कारण संभव हुआ है, जिसे जनवरी 2020 में साइन किया गया था ।जिन्होंने हथियार छोड़ दिए हैं, केंद्र और राज्य सरकारें उनके पुनर्वास के लिए कई कदम उठा रही हैं ।शाह ने यह भी घोषणा की कि अइरव के संस्थापक अध्यक्ष बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा के नाम पर एक सड़क बनाई जाएगी और उनकी प्रतिमा नई दिल्ली में लगाई जाएगी।



### क्या है बोडो समझौता?

असम में बोडो समुदाय की पुरानी मांगों और हिंसा को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने 27 जनवरी 2020 को बोडो समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह समझौता बोडो समुदाय की सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए किया गया ।इसके तहत बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन का गठन किया गया, जिसमें असम के चार जिले शामिल हैं कोकराझार, बक्सा, चिरांग और उदलगुरी। केंद्र सरकार ने बोडोलैंड के विकास के लिए 1,500 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की।

# तेलंगाना सीएम की ट्रोलर्स को चेतावनी- नंगा करवाकर सड़क पर पिटवाऊंगा

## कहा- परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर लिखना ठीक नहीं, खून खौलता है

एजेंसी

हैदराबाद , तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा है कि उनके खिलाफ अपशब्द कहने वालों को ह्यनंगा कर बीच सड़क पर परेड निकालकर पीटा जाएगा। रेड्डी का यह बयान राज्य में दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी के बाद आया है। इन पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। रेड्डी ने विधानसभा में कहा- यह मत सोचिए कि मैं चुप हूं, क्योंकि मैं मुख्यमंत्री हूं। मैं आपको नंगा कर दूंगा और आपको पीटूंगा। ऐसे लाखों लोग हैं जो मेरे कहने पर आपको पीटने के लिए सड़कों पर उतर आएंगे। मैं अपने पद के कारण सहनशील बना हुआ हूं। हालांकि, उन्होंने फिर कहा कि मैं जो भी करूंगा, कानून के दायरे में रहकर करूंगा रेड्डी ने कहा- हम सार्वजनिक जीवन में हैं और आलोचना के लिए तैयार हैं, लेकिन हमारे परिवार के सदस्यों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि पत्रकारिता की आड़ में सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री फैलाने की संस्कृति पनपने तक वे चुप नहीं रहेंगे।



### बीआरएस ऑफिस में वीडियो शूट करने का आरोप

दरअसल, रेड्डी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने 10 मार्च को रेवती पोगदंडा और उनकी सहकर्मी संध्या उर्फ तन्वी यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# मृत्यु कुंभ टिप्पणी को लेकर योगी आदित्यनाथ ने साधा ममता बनर्जी पर निशाना

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ थे उन्होंने कहा था कि प्रयागराज का महाकुंभ मृत्यु कुंभ था। लेकिन, हमने कहा कि यह मृत्यु नहीं है, यह मृत्युंजय है। यह महाकुंभ है। इस कुंभ ने साबित कर दिया है कि महाकुंभ के 45 दिनों में, हर दिन पश्चिम बंगाल के 50 हजार से एक लाख लोग इस आयोजन का हिस्सा थे।'

एजेंसी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके 'मृत्यु कुंभ' वाले बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे, उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' कहा था ।मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'पहली बार तमिलनाडु से लोग आए थे। केरल से भी लोग आए थे। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। लेकिन, पश्चिम बंगाल में होली के दौरान कई उपद्रव हुए। जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ थे उन्होंने कहा था कि प्रयागराज का महाकुंभ मृत्यु कुंभ था।'उन्होंने कहा, 'लेकिन, हमने कहा कि यह मृत्यु नहीं है, यह मृत्युंजय है। यह महाकुंभ है। इस कुंभ ने साबित कर दिया है कि महाकुंभ के 45 दिनों में, हर दिन पश्चिम बंगाल के 50 हजार से एक लाख लोग इस आयोजन का हिस्सा थे।'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 18 फरवरी को कहा था कि भगदड़ की घटनाओं के कारण महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया है। उन्होंने दावा किया था कि महाकुंभ में मौतों के वास्तविक आंकड़े को अधिकारियों ने दबा दिया है ।पश्चिम बंगाल विधानसभा में एक संबोधन के दौरान बनर्जी ने कहा था, 'उन्होंने मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया है। भाजपा शासन में महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया है।'इसके बाद, 20 फरवरी को ममता बनर्जी ने कोलकाता के पास न्यूटाउन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि वह सभी धर्मों और संस्कृतियों का सम्मान करती हैं।



# हैदराबाद में पुलिस ने 55.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य के पुराने नोट जब्त किए

### चार लोग गिरफ्तार

विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस टीमों ने शनिवार रात गिरोह को उस समय पकड़ा जब वे संभावित ग्राहकों से कमीशन के आधार पर अवैध रूप से 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को वैध भारतीय मुद्रा से बदलने का प्रयास कर रहे थे।



एजेंसी

तेलंगाना के हैदराबाद में 55.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य के पुराने और अमान्य नोटों को बदलने का प्रयास करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी ।पुलिस उपायुक्त (आयुक्त कार्य बल) वाईवीएस सुधींद्र ने एक विज्ञप्ति में बताया कि विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस टीमों ने शनिवार रात गिरोह को उस समय पकड़ा जब वे संभावित ग्राहकों से कमीशन के आधार पर अवैध रूप से 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को वैध भारतीय मुद्रा से बदलने का प्रयास कर रहे थे। विज्ञप्ति में बताया गया कि चारों व्यक्तियों को जब्त नोटों के साथ जांच के लिए अबिड्स पुलिस थाने के प्रभारी को सौंप दिया गया।

# बिहार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## तेज प्रताप यादव के बॉडीगार्ड को ड्यूटी से हटाया, ट्रैफिक पुलिस ने आरजेडी नेता का काटा चालान

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव के बॉडीगार्ड के तौर पर तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान के अनुसार, 'विधायक तेज प्रताप के सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार को वर्दी में नाचने के लिए तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है।

एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव के बॉडीगार्ड के तौर पर तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। आपको बता दें, तेज प्रताप के होली सेलिब्रेशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें दीपक कुमार पूर्व मंत्री के आदेश पर वर्दी में डांस करते नजर आ रहे थे। इस घटना पर कार्रवाई करते हुए बिहार पुलिस ने कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान के अनुसार, 'विधायक तेज प्रताप के सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार को वर्दी में नाचने के लिए तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। कुमार की जगह विधायक की सुरक्षा में किसी अन्य कांस्टेबल को तैनात किया जाएगा।' विधायक तेज प्रताप यादव के सार्वजनिक स्थान पर डांस करने के निर्देश का पालन करते देखे गए कांस्टेबल दीपक कुमार (अंगरक्षक) को अब हटा दिया गया है, और उनकी जगह दूसरे सिपाही को अंगरक्षक में प्रतिनियुक्त किया गया



# पंजाब में आप सरकार के तीन साल पूरे

## केजरीवाल ने पत्नी और भगवंत मान के साथ स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका

अरविंद केजरीवाल ने अमृतसर में कहा, 'भगवंत मान साहब ने 16 मार्च 2022 को पंजाब के मुख्यमंत्री का पद संभाला था। तीन वर्षों में उन्होंने (गुरुओं ने) हमारा मार्गदर्शन किया और लोगों की सेवा करते रहने की शक्ति प्रदान की। आज पंजाब की सबसे बड़ी समस्या नशा और भ्रष्टाचार है। हमने नशा और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ दी है।'



एजेंसी

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार के तीन साल पूरे हो गए हैं ।इस मौके पर आप नेता अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को अमृतसर पहुंचे और स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। केजरीवाल के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब सरकार के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई नेता स्वर्ण मंदिर पहुंचे। बता दें, आप ने 2022 में पंजाब में कुल 117 विधानसभा सीटों में से 92 सीटें जीतकर सरकार बनाई है। केजरीवाल ने अमृतसर में संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा, 'मान साहब ने 16 मार्च 2022 को पंजाब के मुख्यमंत्री का पद संभाला था।

निशाना बीजेपी विधायक आशा नौटियाल ने हरीश रावत ने साधा निशाना

# केदारनाथ में गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तराखंड भाजपा नेता आशा नौटियाल ने केदारनाथ मंदिर में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को प्रतिबंधित की मांग की है। भाजपा नेता की इस टिप्पणी ने विवाद को जन्म दे दिया है। केदारनाथ विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ गैर-हिंदू व्यक्ति धार्मिक स्थल की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। नौटियाल ने कहा, 'कुछ गैर-हिंदू तत्व केदारनाथ धाम की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या कुछ लोग क्षेत्र में मांस, मछली और शराब परोस रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह उचित जांच के बाद ही पता चल सकता है। उन्होंने कहा, 'अगर कुछ लोग ऐसा कुछ कर रहे हैं जिससे केदारनाथ धाम की छवि खराब हो सकती है, तो उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। वे निश्चित रूप से गैर-हिंदू हैं जो बाहर से आते हैं और धाम को बदनाम करने के लिए ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं।' नौटियाल ने उल्लेख किया कि इस मामले पर हाल ही में प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्थानीय अधिकारियों और निवासियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान कुछ प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि कुछ गैर-हिंदू व्यक्ति केदारनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव रखा गया कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें मंदिर में प्रवेश करने से रोका जाना चाहिए।



आशा नौटियाल ने कहा, 'कुछ गैर–हिंदू तत्व केदारनाथ धाम की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर कुछ लोग ऐसा कुछ कर रहे हैं जिससे केदारनाथ धाम की छवि खराब हो सकती है, तो उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। वे निश्चित रूप से गैर–हिंदू हैं जो बाहर से आते हैं और धाम को बदनाम करने के लिए ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं।'

नौटियाल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा, 'सनसनीखेज टिप्पणी करना भाजपा नेताओं की आदत है। उत्तराखंड एक 'देवभूमि' है और आप कब तक हर चीज को धर्म से जोड़ेंगे? वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनके पास लोगों को बताने के लिए कुछ नहीं है।

' चार धाम यात्रा 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर शुरू होगी, जब गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई और बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खोले जाएंगे।

# राान्या राव ने डीआरआई पर मारपीट और जबरन हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया



रान्या पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी के. रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। रामचंद्र राव वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपी कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या ने आरोप लगाया कि राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने उससे मारपीट की और उसे खाली व पहले से लिखे कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। रान्या ने बेंगलुरु में डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को संबोधित छह मार्च को लिखे एक पत्र में दावा किया कि उन पर झूठा मामला थोपा गया है। उन्होंने पत्र में कहा कि दुबई से लौटने पर उनके खिलाफ 14 किलोग्राम से अधिक सोना ले जाने का गलत आरोप लगाया गया था। रान्या राव नाम से मशहूर हर्षवर्धिनी रान्या ने आरोप लगाया, आपके अधिकारियों ने मुझे यह बताने की अनुमति नहीं दी कि मैं इस मामले में निर्दोष हूं। अभिनेत्री ने दावा किया कि हिरासत में लिए जाने से लेकर अदालत में पेश किए जाने तक उसे 10 से 15 बार थप्पड़ मारे गए। उन्होंने आरोप लगाया, बार-बार मारपीट और थप्पड़ मारे जाने के बावजूद मैंने उनके (डीआरआई अधिकारियों)द्वारा तैयार किए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। रान्या ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें पहले से कुछ लिखे 50 से 60 और लगभग 40 खाली पन्नों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया।

# नाकामी की पोल खोलता नदियों का प्रदूषण, राजनीति इच्छाशक्ति बढ़ाना होगा

**सभी दल नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने की बात करते हैं लेकिन इसके बाद भी वे प्रदूषित बनी हुई हैं। यह राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दशार्ता है। नदियों में सीवरों और गंदे नालों का पानी बिना शोधित किए न जाने पाए यह देखने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और उनके नगर निकायों की है लेकिन वे इसमें कोताही बरत रहे हैं।**

जलशक्ति मंत्रालय की ओर से संसद में दी गई यह जानकारी निराश करने वाली है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने का काम सही तरह नहीं हो पा रहा है। यह स्वीकारोक्ति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि एक लंबे समय से कहा जा रहा है कि नदियों में सीवरों का गैर शोधित पानी नहीं गिरने दिया जाएगा ।बीते दिनों संसद में दी गई जानकारी से यह पता चल रहा है कि सीवेज सिस्टम की खामी से नदियों को प्रदूषण मुक्त करने में बाधा आ रही है। 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता में आने के साथ ही जब गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने का अभियान नए सिरे से शुरू किया और इसके लिए एक नई व्यवस्था बनाई, तब यह उम्मीद बंधी थी कि इस नदी को प्रदूषण मुक्त करने के साथ अन्य नदियों को प्रदूषित होने से रोकने में सफलता मिलेगी, लेकिन स्थिति यह है कि अभी गंगा को भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं किया जा सका है ।नदियों में सीवरों और गंदे नालों का पानी बिना शोधित किए न जाने पाए, यह देखने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और उनके नगर निकायों की है, लेकिन वे इसमें कोताही बरत रहे हैं। इसी का नतीजा है कि अभी भी नदियों का प्रदूषण जारी है। इसका कारण यह है कि जहां सीवेज शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं, वहीं अनेक शहरों के गंदे नाले अभी तक इन संयंत्रों से नहीं जोड़े जा सके हैं ।दुनिया के अन्य देशों की तरह अपने देश में भी तमाम शहर नदियों किनारे बसे हुए हैं। समय के साथ नदियों के तट पर आबादी का घनत्व



भी बढ़ रहा है। इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास सीवेज सिस्टम नहीं है, क्योंकि वह अनधिकृत कॉलोनियों में अधिक रहती है। इसके अलावा शहरों का जो सीवेज सिस्टम है, वह पुराना पड़ चुका है। समस्या इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सीवेज सिस्टम पर्याप्त क्षमता के नहीं हैं। वे सीवरों का पूरा गंदा पानी शोधित नहीं कर पाते ।इसके चलते सीवरों का गैर शोधित पानी सीधे नदियों में जाता है। यह स्थिति महानगरों में भी है। पिछले दिनों दिल्ली में सत्ता बदलने के बाद से यमुना की सफाई पर खूब चर्चा हो रही है। चुनाव में यमुना का प्रदूषण एक राजनीतिक मुद्दा बन गया था। हालांकि आम आदमी पार्टी सरकार भी यमुना को साफ करने की बात करती थी, लेकिन वह नाकाम रही। इसका एक कारण राज्य और केंद्र सरकार का झगड़ा भी रहा ।इस झगड़े की वजह से यमुना की सफाई प्राथमिकता नहीं बन सकी ।शायद ही कोई दल हो, जो नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने की बात न करता हो, लेकिन इसके बाद भी वे प्रदूषित बनी हुई हैं। यह राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दशार्ता है। नदियों के प्रदूषित होने का एक बड़ा कारण नगर नियोजन से संबंधित नौकरशाही का नकारापन भी है। नौकरशाही ने नदियों किनारे होने वाली अनियोजित बसाहट को रोकने में उदासीनता का ही परिचय दिया है। उन्होंने इसे लेकर सरकारों को आगाह भी नहीं किया ।नदियों के प्रदूषण में नौकरशाही की भूमिका पर कभी कोई ठोस चर्चा नहीं हुई। अच्छा हो कि सरकार इस पर कोई श्वेतपत्र लाए कि नदियां क्यों प्रदूषित हैं? श्वेतपत्र में इसका भी उल्लेख किया जाए कि जब नदियों किनारे बसाहट हो रही था, तब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बढ़ती आबादी के लिए उपयुक्त सीवेज सिस्टम का निर्माण क्यों नहीं करा रहे थे? यदि यह मान लिया जाए कि पहले इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आखिर इसका क्या मतलब कि अब भी ध्यान न दिया जाए। एक ऐसे समय जब केंद्र के साथ राज्य सरकारों की ओर से नदियों को साफ करने के दावे किए जा रहे हैं, तब सीवेज सिस्टम में सुधार न हो पाना, गंदे नालों का सीवेज शोधन संयंत्रों से न जुड़ पाना और इन संयंत्रों का पूरी क्षमता से काम न कर पाना चकित करता है ।अरबों रुपये सीवेज व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए जा चुके हैं, पर यही तथ्य बार–बार सामने आता है कि यह व्यवस्था अपर्याप्त और असंतोषजनक है। सीवेज व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बनाए गए कई सीवेज शोधन संयंत्र एक–दो साल चलने के बाद ही बंद हो जाते हैं ।आज उन अनेक शहरों की सीवेज व्यवस्था सही तरह काम कर रही है, जिनका निर्माण अंग्रेजों ने कराया था, लेकिन हमारे इंजीनियर हर किस्म के आधारभूत ढांचे का निर्माण इस तरह करते हैं कि वह दो–चार साल में ही कमजोर पड़ जाता है या अपर्याप्त साबित हो जाता है ।नदियों में प्रदूषण केवल सीवेज सिस्टम की खराबी से ही नहीं होता, बल्कि उद्योगों के अपशिष्ट जल से भी होता है। गंभीर बात यह है कि तमाम उद्योग अपने विषाक्त जल को शोधित करने के बजाय उसे रिवर्स बोरिंग कर जमीन में समाहित कर देते हैं। यह अपराध है, लेकिन उस पर रोक इसलिए नहीं लग रही है, क्योंकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अधिकारी ऐसे उद्योगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करते ।इसका नतीजा यह है कि उद्योग जानबूझकर भूजल को दूषित कर रहे हैं। यह दूषित जल भूगर्भ जल को विषैला करता है और अनेक बीमारियों का कारण बनता है। पंजाब में कैंसर के मामले बढ़ने के पीछे भूमिगत जल के प्रदूषण को ही माना जा रहा है। नदियों को प्रदूषण मुक्त करने वाली व्यवस्था तब सुधरेगी, जब शासन–प्रशासन के साथ आम जनमानस भी सचेत होगा ।सरकारी कर्मचारी और विशेष रूप से इंजीनियरों पर यह दारोमदार होता है कि वे बेहतर इंजीनियरिंग और गुणवत्ता वाले निर्माण कराएं, लेकिन इसमें शिथिलता ही देखने को मिलती है। यह किसी से छिपा भी नहीं, लेकिन इसके बाद भी इंजीनियरों को जवाबदेह बनाने और उन्हें उनके घटिया निर्माण के लिए दंडित करने का काम नहीं हो पा रहा है ।पिछले दिनों सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि सड़कों के निर्माण और डिजाइनिंग में खामी इसलिए देखने को मिल रही है, क्योंकि इंजीनियर उनका निर्माण सही तरह नहीं करते। यह हाल एनएचएआइ के इंजीनियरों के साथ अन्य सरकारी विभागों का भी है। आज जब हम संकल्प ले रहे हैं कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है, तब यदि बेसिक इंजीनियरिंग में भी दक्षता हासिल नहीं की जा पा रही है तो यह शर्म की बात है।

## सम्पादकीय

### चिंतित करता पंजाब, बढ़ रही हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी

पंजाब में हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी चिंता का विषय है। हाल ही में अमृतसर के एक मंदिर में बम फेंके जाने की घटना हुई। यह आतंकी तत्वों के बढ़ते दुस्साहस को बयान करता है। खालिस्तान समर्थकों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। वहीं कुछ राजनीतिक और धार्मिक समूह इस पर मौन साधे हुए हैं। हिंदू नेताओं की लगातार हो रही हत्याएं भी चिंता का बड़ा कारण है ।अमृतसर के एक मंदिर में बम फेंके जाने की घटना गंभीर चिंता का कारण बननी चाहिए, क्योंकि हाल के समय में यह पहली बार है, जब किसी हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया और वह भी होली की रात। इसके पहले कई पुलिस चौकियों और थानों पर इसी तरह बम फेंके गए हैं ।चौकियों और थानों के बाद मंदिर को निशाना बनाया जाना आतंकी तत्वों के बढ़ते दुस्साहस को बयान करने के साथ यह भी रेखांकित कर रहा है कि पंजाब के सांप्रदायिक सद्भाव पर चोट करने की कोशिश की जा रही है ।पुलिस की मानें तो मंदिर पर हमले के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है, लेकिन प्रबल आशंका यही है कि बम फेंकने का काम खालिस्तान समर्थक तत्वों ने किया होगा ।परिस्थितियां भी यही संकेत कर रही हैं। यह घटना कितनी गंभीर है, इसका पता इससे भी चलता है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान यह स्वीकार कर रहे हैं कि राज्य के माहौल को बिगाड़ने की साजिश की जा रही है, लेकिन केवल इतना कहने से काम चलने वाला नहीं है ।पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को राज्य की गिरती कानून एवं व्यवस्था पर अतिरिक्त ध्यान देना होगा और इस क्रम में खालिस्तान समर्थक तत्वों के विरुद्ध कठोरता का परिचय देना होगा। अतीत में पंजाब को आतंकवाद की आग में झोंकने वाले खालिस्तान समर्थक तत्व किसी नरमी के हकदार नहीं ।इसलिए और भी नहीं, क्योंकि पाकिस्तान उन्हें हर तरह का सहयोग और समर्थन देने में लगा हुआ है। इसका प्रमाण पाकिस्तान से हथियारों और नशीले पदार्थों की बढ़ती तस्करी से मिलता है। पंजाब और साथ ही केंद्र सरकार इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि इस तस्करी में खालिस्तान समर्थक तत्व शामिल हैं ।इन तत्वों को पाकिस्तान के साथ पश्चिमी देशों के खालिस्तान समर्थकों से ही सहयोग नहीं मिल रहा है, बल्कि पंजाब में भी कुछ समूह और संगठन ऐसे हैं, जो उनकी गतिविधियों पर मौन रहना पसंद करते हैं। खेद की बात यह है कि इनमें कुछ राजनीतिक और धार्मिक समूह भी हैं ।ऐसे संकीर्ण समूह यह ध्यान रखें तो बेहतर कि आतंक और अलगाव पैदा करने वाली घटनाओं के खिलाफ जानबूझकर चुप्पी साधे रहना एक तरह से अपराध में भागीदारी करने जैसा है। खालिस्तान समर्थकों की हरकतों पर पंजाब के कुछ समूहों का मौन इन तत्वों का दुस्साहस बढ़ाने का ही काम कर रहा है

## आज का विचार

**कमाई कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन हर घर में रोटी का साइज एक ही है..!**

भारत संवाद



## राशिफल

**मेष राशिः** कल का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा. आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा. जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे.

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन ठीक-ठाक रहने वाला है. परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी. ननिहाल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलेगा. आपको अपनी तरक्की की राह में आ रही बाधाओं को दूर करने की आवश्यकता है.

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि के जातकों के लिए कल दिन पद व प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा. कार्य क्षेत्र में आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो लड़ाई झगड़े हो सकते हैं. जीवनसाथी को लेकर आप कहीं डिनर डेट पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं. शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आप अपने बिजनेस में कामों को लेकर पूरी मेहनत करेंगे. उतार-चढ़ाव अधिक रहेंगे. इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है. यदि परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी. आपको अपने मन में ईष्या द्वेष की भावना नहीं रखती है.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को अपने बिजनेस पर पूरा ध्यान देना होगा. आप अपना कामों को लेकर रणनीति बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा. आप माता-पिता के साथ किसी मांगलिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन कोर्ट कचहरी से संबंधित मामलों में अच्छा रहेगा. मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है. आप यदि कहीं घूमने फिरने जाएं, तो आप उसमें वाणी की सौम्यता बनाए रखें. किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी. आपको किसी वाद विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है. कोई काम पूरा होने में समस्या आएगी.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है. प्रॉपर्टी से संबंधित मामलों में आपको अच्छा फायदा मिलेगा. किसी नए काम में आप सोच समझकर हाथ बढ़ाएं.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट चल रहा था, तो वह भी काफी हद तक दूर होगा. आप जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. आपकी इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. नौकरी में कार्यरत लोग को महिला मित्रों से सावधानी बरते, नहीं तो वह उनके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों के लिए कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको किसी लड़ाई झगड़े से दूर रहने की आवश्यकता है ,नहीं तो वह कानूनी हो सकता है. यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है.

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों के लिए कल दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है. आपको कोई जिम्मेदारी वाला काम मिल सकता है. नौकरी पेशा लोग यदि अपने नौकरी में बदलाव के बारे में सोच रहे थे, तो वह किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं. आपको किसी काम के लिए पुरस्कार मिल सकता है, जिससे आपको खुशी होगी. संतान किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम की तैयारी में मेहनत करती नजर आएगी.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# नशे में लड़खड़ाती नई पीढ़ी

संजीव ठाकुर



देश में इस बार होली के अवसर पर कई गुना लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है इस बार होली में लगा कि पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। होली के अवसर पर युवा बुजुर्ग यहां तक छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं और होली में शराब गांजा भांग ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्म सिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने लगे हैं नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगभग दुगनी हो गई है। नशीले पदार्थों से हुई अपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती, और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की है वर्तमान में

शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिऐ मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है

# 4 घंटे में पुनर्नवीनीकरण 94% प्लास्टिकः वैज्ञानिक हवा की नमी द्वारा संचालित नई विधि विकसित करते हैं

विजय गर्ग

यह प्रक्रिया एक सस्ती उत्प्रेरक के साथ शुरू होती है जो पॉलिएस्टर परिवार में सबसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) में बांड को तोड़ देती है। एक बार टूट जाने के बाद, सामग्री बस परिवेश हवा के संपर्क में आती है ताकि पीईटी को मोनोमर्स में स्थानांतरित किया जा सके - प्लास्टिक के आवश्यक निर्माण ब्लॉक। शोधकताओं का मानना है कि इन मोनोमर्स को तब पुनर्नवीनीकरण या अधिक मूल्यवान सामग्रियों में अपचक्रित किया जा सकता है ।नई तकनीक, जो वर्तमान प्लास्टिक रीसाइक्लिंग विधियों की तुलना में सुरक्षित, सस्ती और अधिक टिकाऊ है, प्लास्टिक के लिए एक परिपत्र अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक आशाजनक रास्ता प्रदान करती है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ₹हमारे शोध के बारे में विशेष रूप से रोमांचक यह है कि हमने प्लास्टिक को तोड़ने के लिए हवा से नमी का दोहन किया, एक असाधारण स्वच्छ और चयनात्मक प्रक्रिया प्राप्त की,₹ योसी क्रेटिश, जो अध्ययन के सह-लेखक भी हैं ।सतत समाधान शोधकताओं ने मोलिब्डेनम उत्प्रेरक और सक्रिय कार्बन का उपयोग किया - जिनमें से दोनों सस्ती, प्रचुर और गैर विषैले हैं। प्रक्रिया शुरू करने के लिए, उन्होंने पीईटी को उत्प्रेरक और सक्रिय कार्बन के साथ जोड़ा और फिर मिश्रण को गर्म किया। पॉलिएस्टर प्लास्टिक में रासायनिक बांड से जुड़ी दोहराई जाने वाली इकाइयों के साथ बड़े अणु होते हैं। थोड़े समय के भीतर, ये बंधन टूट गए ।इसके बाद, शोधकताओं ने खंडित सामग्री को हवा में उजागर किया। नमी के एक निशान के साथ, यह पॉलीएस्टर के लिए एक अत्यधिक मूल्यवान अग्रदूत टेरेफ्थेलिक एसिड (टीपीए) में बदल गया। केवल बायप्रोडक्ट एसिटलडिहाइड था, जो वाणिज्यिक मूल्य के साथ आसानी से हटाने योग्य औद्योगिक रसायन था।

औसतन, अपेक्षाकृत शुष्क परिस्थितियों में भी, वातावरण में लगभग 10,000 से 15,000 घन किलोमीटर पानी है

हवा की नमी का लाभ उठाना हमें थोक सॉल्वैंट्स को खत्म करने, ऊर्जा इनपुट को कम करने और आक्रामक रसायनों के उपयोग से बचने, प्रक्रिया को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की अनुमति देता है प्लास्टिक की समस्या पीईटी प्लास्टिक - खाद्य पैकेजिंग और पेय की बोतलों में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है - वैश्विक प्लास्टिक की खपत का 12% हिस्सा है। प्राकृतिक क्षरण के प्रतिरोध के कारण प्लास्टिक प्रदूषण में इसका बड़ा योगदान है। उपयोग के बाद, यह या तो लैंडफिल में समाप्त होता है या छोटे माइक्रोप्लास्टिक्स या नैनोप्लास्टिक में नीचा दिखाता है, अपशिष्ट जल और जलमार्ग को प्रदूषित करता है ।पुनर्चक्रण प्लास्टिक अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण फोकस बना हुआ है, लेकिन मौजूदा तरीके अक्सर चरम स्थितियों पर निर्भर करते हैं - जैसे कि उच्च तापमान, गहन ऊर्जा का उपयोग, और कठोर सॉल्वैंट्स - जो विषाक्त उपप्रकार का उत्पादन करते हैं ।इसके अलावा, प्लैटिनम और पैलेडियम जैसे उत्प्रेरक महंगे हैं और अपशिष्ट समस्या में योगदान करते हैं। एक बार प्रतिक्रिया पूरी हो जाने के बाद, शोधकताओं को पुनर्नवीनीकरण सामग्री को सॉल्वैंट्स से अलग करना होगा - एक प्रक्रिया जो समय लेने वाली और ऊर्जा-गहन दोनों है सॉल्वैंट्स का इस्तेमाल करने के बजाय हमने हवा से जल वाष्प का इस्तेमाल किया

# मीरा रोड पर गोमांस तस्करी के चलते दो समुदायों में झड़प, हिंदूवादी संगठनों ने घेरी चौकी, भारी पुलिस फोर्स तैनात

- मीरा रोड पर गोमांस तस्करी के आरोप में तनाव का माहौल
- हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस की लापरवाही पर किया प्रदर्शन
- पुलिस ने हालात को काबू करने के लिए तैनात किया भारी फोर्स

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई से सटे मीरा रोड के नया नगर में गोमांस तस्करी के आरोप में रविवार को तनाव का माहौल बन गया। हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस की लापरवाही के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। हिंदूवादी संगठनों को खबर मिली थी कि एक टेंपो में अवैध रूप से गोमांस की तस्करी की जा रही थी। संगठनों ने इसकी सूचना पुलिस को सूचना दी, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, टेंपो से गोमांस को खाली करके उसमें अन्य जानवरों के मांस भरने का काम चल रहा था। पुलिस के देर से पहुंचने के कारण स्थानीय हिंदूवादी संगठनों के लोग नाराज हो गए और बड़ी संख्या में नया नगर पुलिस स्टेशन की बीट चौकी के पास जमा हो गए। इस दौरान उन्होंने तस्करों के खिलाफ नारेबाजी की और पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाए।आयुर्वेद से पाचन संबंधी समस्याओं का समाधान पाएं! फ्री सलाह मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात

हिंदूवादी संगठन के नेताओं ने और लोगों से भी प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। इस अपील के बाद भीड़ बढ़ने लगी और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

# महाराष्ट्र विधान परिषद उपचुनाव के लिए बीजेपी ने घोषित किए तीन उम्मीदवार

## फडणवीस के करीबी भी है उम्मीदवारों में से एक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। भाजपा ने विधान परिषद उपचुनाव के लिए नागपुर के पूर्व मेयर और फडणवीस के करीबी संदीप दिवाकर राव जोशी, राज्य भाजपा इकाई के महासचिव संजय किशनराव केनेकर और पूर्व विधायक दादाराव यादवराव केचे के नामों की घोषणा की है। बता दें, राज्य विधान परिषद की पांच सीटों के लिए 27 मार्च को उपचुनाव होने वाले हैं।

### क्यों हो रहे उपचुनाव?

नवंबर 2024 के विधानसभा चुनाव में पांच विधान पार्षदों की जीत के कारण उपचुनाव की जरूरत पड़ी है। विधानसभा में पहुंचे विधान पार्षदों में से तीन भाजपा से हैं, जबकि एक-एक विधायक शिवसेना और राकांपा से हैं। तीनों ही दल राज्य में सत्तारूढ़ महायुति का हिस्सा हैं।

### 27 मार्च को होगा मतदान

नामांकन दाखिल किए जाने की अंतिम तिथि 17 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच की अंतिम तिथि 18 मार्च है, जबकि उम्मीदवार 20 मार्च को अपना नाम वापस ले सकते हैं। 27 मार्च को मतदान होगा, जिसमें विधायक निर्वाचक मंडल का हिस्सा होंगे। विधान परिषद सदस्यों का यह उपचुनाव 288 सदस्यीय विधानसभा में विधायक कोटे से हो रहा है। भाजपा के पास 132, शिवसेना के पास 57 और

> भाजपा ने विधान परिषद उपचुनाव के लिए नागपुर के पूर्व मेयर और फडणवीस के करीबी संदीप दिवाकर राव जोशी, राज्य भाजपा इकाई के महासचिव संजय किशनराव केनेकर और पूर्व विधायक दादाराव यादवराव केचे के नामों की घोषणा की है। बता दें, राज्य विधान परिषद की पांच सीटों के लिए 27 मार्च को उपचुनाव होने वाले हैं।

राकांपा के पास 41 विधायक हैं। इससे निचले सदन में उनकी प्रभावशाली उपस्थिति को देखते हुए वे आसानी से सभी पांच सीट जीत सकते हैं। पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा के चुनाव में महायुति की बंपर जीत हुई। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों में से बीजेपी ने 132 सीटें जीती, जबकि सहयोगी दल शिंदे सेना ने 57 विधायक सीटों पर जीत हासिल की। अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटें जीती।

फास्ट ट्रैक

# पनवेल-कर्जत लोकल कॉरिडोर 70% काम पूरा

- पनवेल-कर्जत लोकल रेल कॉरिडोर का काम तेजी से आगे बढ़ा
- प्रोजेक्ट में 5 स्टेशन और 47 पुलों का निर्माण होगा
- यात्रा का समय 30-35 मिनट तक कम होगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में सबर्बन रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए बनाए जा रहे पनवेल-कर्जत लोकल रेल कॉरिडोर का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए शनिवार को पहला इंड अनलोडिंग रेक परियोजना स्थल पर पहुंचा। अब जल्द ही कर्जत और चौक स्टेशनों के बीच ट्रैक बिछाने का काम शुरू होगा। मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन इस प्रोजेक्ट को तैयार कर रही है।आयुर्वेदिक इलाज से शुगर कंट्रोल करें, मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में सबर्बन रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए बनाए जा रहे पनवेल-कर्जत लोकल रेल कॉरिडोर का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए शनिवार को पहला इंड अनलोडिंग रेक परियोजना स्थल पर पहुंचा। अब जल्द ही कर्जत और चौक स्टेशनों के बीच ट्रैक बिछाने का काम शुरू होगाविशेष रेल पैनल्स का उपयोगइस प्रोजेक्ट में इस्तेमाल किए जा रहे रेल पैनल्स को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किया गया है। प्रत्येक रेल पैनल की लंबाई 260 मीटर है और इसका वजन 60 किलो प्रति मीटर है। पहले चरण में महोपे और चिखले स्टेशनों के बीच 7.8 किमी लंबे सेक्शन पर इन भारी-भरकम पैनल्स को बिछाया जा रहा है। परियोजना में मुंबई लोकल नेटवर्क की सबसे लंबी सुरंग सहित कई महत्वपूर्ण इंजिनियरिंग कार्य शामिल हैं।यह डबल ट्रैक उपनगरीय रेल कॉरिडोर मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट-3 के तहत बनाया जा रहा है और इसका 70% काम पूरा हो चुका है। यह कॉरिडोर टटफ की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा और स्थानीय आर्थिक विकास को गति देगा।तैयार हुईं सुरंगेंइस प्रोजेक्ट में कुल 3,100 मीटर लंबाई की तीन सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से सबसे लंबी 2,625 मीटर की वावरली सुरंग बनकर तैयार हो चुकी है।300 मीटर की किरावली सुरंग और 219 मीटर की नढाल सुरंग पर भी तेजी से काम हो रहा है। इस कॉरिडोर की सबसे खास बात यह है कि सुरंगों के अंदर गिट्टी रहित ट्रैक बिछाया जा रहा है। इसमें न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग विधि का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा, स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम, वेंटिलेशन, पब्लिक रिफ्यूज एरिया और टनल कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार की जा रही हैं।5 आधुनिक स्टेशन और 47 ब्रिजइस 29.6 किमी लंबे लोकल कॉरिडोर में पनवेल, चिखले, महोपे, चौक और कर्जत झ ये पांच स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जिनका काम एडवांस स्टेज पर है। परियोजना के तहत 47 पुलों का निर्माण किया जाना है, जिनमें से 29 छोटे और 6 बड़े पुल पूरे हो चुके हैं।

# मार्टिन गैरिक्स के कार्यक्रम के भव्य आयोजन के बाद मनपा द्वारा तेजी से सफाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , नेरुल डॉ डी वाई पाटील स्टेडियम में होली उत्सव के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध संगीतकार डीजे मार्टिन गैरिक्स का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के लिए देशभर से लोगों के नवी मुंबई आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक जाम से बचने के लिए इलाके की सड़कों पर ट्रैफिक में बदलाव करने की योजना बनाई थी। इस कार्यक्रम में हजारों संगीत प्रेमी शामिल होंगे, इसलिए नवी मुंबई मनपा ने आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट संग्रह और परिवहन की योजना बनाई थी। जनवरी में उसी स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम 'कोल्ड प्ले' के दौरान अच्छी तरह से योजना बनाई गई थी। अत मनपा के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की शहर की स्वच्छता पर कोई प्रभाव डाले बिना सुबह-सुबह तक कचरा संग्रहण एवं परिवहन के लिए नागरिकों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा की गई। इसी तर्ज पर आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के नियंत्रण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे और सहायक आयुक्त सागर मोरे उपस्थित रहे और सफाई प्रक्रिया को गति दी। सर्कल 1 के उपायुक्त सोमनाथ पोटरे और नेरुल डिवीजन के सहायक आयुक्त जयन्त जावड़ेकर का भी योगदान रहा। नेरुल प्रभाग के स्वच्छता अधिकारी अरुण पाटील और स्वच्छता निरीक्षक मिलिंद अम्बेकर, नवनाथ थोम्बरे, भूषण सुतार सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के सभी पर्यवेक्षकों, सफाईकर्मियों के साथ-साथ अपशिष्ट परिवहन पर्यवेक्षकों, प्रबंधकों और सभी सफाईकर्मियों ने सफाई कार्य में तेजी लाई और रात से सुबह तक तेजी से सफाई की। इसमें नागरिक संतोष व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों की व्यापक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सफाई की योजना बना रहा है।

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का जून में होगा उद्घाटन, गौतम अडानी ने किया ऐलान

- नवी मुंबई एयरपोर्ट का उद्घाटन जून में होगा
- गौतम अडानी ने एयरपोर्ट साइट का दौरा किया।
- 16,700 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने रविवार को कहा कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन जून में किया जाएगा और यह कनेक्टिविटी और ग्रोथ को फिर से परिभाषित करेगा। अरबपति उद्योगपति ने नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनएमआईएएल) साइट का दौरा किया और इसके साथ प्रोजेक्ट से जुड़ी टीमों से मुलाकात की। साथ ही अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक शॉर्ट वीडियो फिल्म शेयर करते हुए कहा कि आगामी एयरपोर्ट भारत के लिए एक सच्चा तोहफा है।गौतम अडानी ने किया साइट का दौरागौतम अडानी ने पोस्ट में लिखा कि आज नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की साइट का दौरा किया और यहां एक नया वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट आकार ले रहा है। अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन ने कहा कि नया एयरपोर्ट जून में उद्घाटन के लिए तैयार है और कनेक्टिविटी और ग्रोथ को फिर से परिभाषित करेगा। यह भारत के लिए एक सच्चा तोहफा है। अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन ने आगे कहा कि इस विजन को वास्तविकता बनाने के लिए अदाणी एयरपोर्ट्स टीम और भागीदारों को बधाई।ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के जल्द चालू होने का साफपिछले साल दिसंबर में एनएमआईएएल पर इंडिगो एयरलाइंस के ए 320 विमान की लैंडिंग के साथ पहली वाणिज्यिक सत्यापन उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की गई। इससे ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के जल्द चालू होने का मार्ग खुल गया। रनवे 08/26 पर हुए इस उड़ान परीक्षण की निगरानी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), सीमा शुल्क, इमिग्रेशन, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सिडको), भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के साथ-साथ अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और अन्य प्रमुख हितधारकों के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से की गई थी।भारत के विमानन भविष्य की एक झलक! आज नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की साइट का दौरा किया। एक विश्व स्तरीय हवाई अड्डा आकार ले रहा है। इस जून में उद्घाटन के लिए तैयार, यह कनेक्टिविटी और विकास को फिर से परिभाषित करेगा। भारत के लिए एक सच्चा उपहार! इस विजन को वास्तविकता बनाने के लिए अदानी एयरपोर्ट्स टीम और भागीदारों को बधाई।

# डॉक्टर नहीं बल्कि देवदूत! मृत घोषित किया गया बच्चा फिर से जीवित हो गया, पैर पर डंक मारते ही लेने लगा सांस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नंदुरबारः कहा जाता है कि जिस व्यक्ति के जीवन की डोर मजबूत होती है, उसे किसी भी तरह से बचाया जा सकता है। महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के धडगांव तालुका के सूर्यपुर में एक ऐसी ही घटना घटी है। तालुका के तेलखेड़ी की रहने वाली एक महिला अपने दो महीने के बच्चे के साथ होली मनाने सूर्यपुर आई थी। तभी दो महीने का बच्चा उल्टी और अत्यधिक रोने के कारण बेहोश हो गया। परिवार के सदस्यों को यह सोचकर घबराहट होने लगी कि बच्चा मर गया है। इस तरह पास के स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने एक एंबुलेंस भेजी। एक डॉक्टर ने रास्ते में एंबुलेंस रोकी और बच्चे की जांच की। उन्होंने हल्के से पैर में कुछ थपथपाया और बच्चे की सांस चलने लगी। बच्चा मौत के मुंह से वापस आ गया। इससे दुख के आंसू खुशी में बदल गए।क्या है मामला ?हमारे सहयोगी महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, धडगांव तालुका के तेलखेड़ी में रहने वाली मीनाबाई सचिन पवार होली के लिए अपने मायके सूर्यपुर गई हुई थी।

# IRCTC WEST, Mumbai द्वारा मुंबई से समर वेकेशन स्पेशल इंटरनेशनल टूर पैकेज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के पश्चिमी क्षेत्र मुंबई द्वारा मुंबई से समर वेकेशन स्पेशल इंटरनेशनल टूर पैकेज पेश करते हुए खुशी हो रही है।आईआरसीटीसी विशेष रूप से क्यूरेट किए गए अंतरराष्ट्रीय पैकेज संचालित कर रहा है जो जेब के अनुकूल हैं ताकि ये टूर मध्यम वर्ग के लोगों की पहुंच में आ सकें। पश्चिमी क्षेत्र के समूह महाप्रबंधक श्री गौरव झा ने कहा कि ये पैकेज पर्यटकों को पैसे के हिसाब से अच्छा अनुभव प्रदान करेंगे और ऐसी यादें बनाएंगे जिन्हें वे जीवन भर संजो कर रख सकते हैं।IRCTC ने लंदन पैकेज (09.05.2025 से 24.05.2025), डेजलिंग दुबई (10.04.2025 से 14.04.2025), मिस्टिकल नेपाल (14.04.2025 और 07.05.2025), श्री रामायण यात्रा- श्रीलंका (06.05.2025 से 12.05.2025) के साथ सभी समावेशी यूरोप लॉन्च किया है, ये पैकेज बहुत अच्छी तरह से डिजाइन किए गए हैं, किफायती और वापसी की उड़ान टिकट लागत, सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थल, सभी भोजन, प्रवेश शुल्क, आवास, वीजा/परमिट, टूर गाइड, यात्रा बीमा और जीएसटी के साथ सभी समावेशी हैं।श्री गौरव झा ने जानकारी देते हुए कहा कि ये पैकेज बाजार में उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय पैकेजों की तुलना में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर हैं और ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का आतिथ्य और पैसे का मूल्य प्रदान करते हैं। इन पैकेजों के लिए बाजार में बहुत रुचि है और नियमित ग्राहक इन पैकेजों पर तब से ही झपट रहे हैं जब वे ऑनलाइन बिक्री के लिए www.irctctourism.com पर उपलब्ध हैं। लोग इन पैकेजों को वेबसाइट के माध्यम से या हमारे अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुक कर सकते हैं, जो देश भर में उपलब्ध हैं। 8287931886 नंबर पर व्हाट्सएप या एसएमएस कर सकते हैं।

शुभ यात्रा - सुखद यात्रा

# हटाओ औरंगजेब की कब्र, नहीं तो बाबरी स्टाइल में कारसेवा..., महाराष्ट्र में गरमाई सियासत, मकबरे की बढ़ी सुरक्षा

- हिंदूवादी नेताओं बोले, सरकार हटाए औरंगजेब की कब्र
- नहीं हटाने पर दी बाबरी स्टाईल में कारसेवा की चेतावनी
- महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में है मुगल शासक की कब्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



> महाराष्ट्र में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता जा रहा है। औरंगजेब की तारीफ करने पर सपा नेता अबु आजमी जहां विधानसभा से सस्पेंड हो चुके हैं और पुलिस कार्रवाई का सामना कर रहे हैं तो वहीं दूसरी फडणवीस के बयान के बाद शिवसेना के दोनों खेमों के टकराव सामने आया है।

मुंबईः महाराष्ट्र में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी बॉलीवुड फिल्म छावा रिलीज के बाद जहां सुर्खियों में तो वहीं दूसरी तरफ राज्य हिंदुवादी संगठनों ने औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने कहा कि औरंगजेब की कब्र हटाओ हटाने को कहा है। ऐसा नहीं होने पर बाबरी स्टाइल में कारसेवा करने की चेतावनी दी है। महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी औरंगजेब की कब्र के मुद्दे पर बोले थे। उन्होंने कहा था कि हमें भी लगता है औरंगजेब की कब्र हटाई जाए, कांग्रेस राज में कब्र को अरक संरक्षण मिला, कुछ चीजें कानूनी तौर पर करनी पड़ती है। यह भी सामने आया है कि विवाद के बाद इस कब्र पर जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आई है।

### अबु आजमी ने की थी तारीफ

इससे पहले राज्य में औरंगजेब को लेकर तब विवाद खड़ा हुआ था जब समाजवादी पार्टी के बड़े नेता और मुंबई की मानखुर्द शिवाजीनगर से विधायक अबु आजमी ने मुगल शासक की तारीफ की थी। अबु आजमी इस मामले में बेल पर हैं और पुलिस कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। उन्हें औरंगजेब की तारीफ करने पर महाराष्ट्र विधानमंडल के पूरे बजट सत्र से सस्पेंड किया जा चुका है।औरंगजेब का मकबरा, महाराष्ट्र के औरंगाबाद ज़िले के खुल्दाबाद में है। यह औरंगाबाद शहर से 25 किलोमीटर दूर है। अब छत्रपति संभाजी महाराज के सन्मानार्थ खुलताबाद में औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से करने के बाद राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है।

शिवसेना के दोनों गुट आमने-सामनेछावा फिल्म के रिलीज होने के बाद जिले के खुलताबाद में मुगल शासक औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विवाद बढ़ने के बाद उबाठा और शिवसेना शिंदे गुट आमने सामने आ गई है. उबाठा विधायक व विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के मंत्री संजय शिरसाट के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गए हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी को टालने के लिए प्रशासन ने कब्र क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दिया है।

# नवी मुंबई मनपा अंतर-स्कूल सांस्कृतिक कप प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , सुनियोजित आधुनिक शहर की तरह एक सांस्कृतिक शहर के रूप में नवी मुंबई की पहचान को मजबूत करने के लिए नवी मुंबई मनपा की ओर से विभिन्न गतिविधियों को क्रियान्वित किया जा रहा है और नई पीढ़ी में कला और संस्कृति को विकसित करने के लिए स्कूल स्तर पर विभिन्न कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस पर मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने संतोष जताया है। नवी मुंबई मनपा की ओर से इंटर स्कूल कल्चरल कप के तहत गायन, नृत्य, लघु नाटक, नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें 4000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और सभी प्रतियोगिताओं में अपनी अंतर्निहित प्रतिभा का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। उनके पुरस्कार वितरण समारोह में आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे, सुप्रसिद्ध संगीतकार राहुल रानाडे और प्रसिद्ध अभिनेता और नृत्य कलाकार नकुल घाणेकर की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्य एवं खेल विभाग की उपायुक्त अभिलाषा म्हात्रे पाटील, नगर सचिव चित्रा बाविस्कर, शिक्षा उपायुक्त संघरत्न खिल्लारे, खेल अधिकारी रेवप्पा गुरव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गायन प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में बोलते हुए सुप्रसिद्ध संगीतकार राहुल रानाडे ने भाग लेने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा की और कहा कि पुरस्कार पाना अगली बात है लेकिन प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है। जो विद्यार्थी अच्छे गायक हैं उन्हें सलाह दी गई कि वे सुरों और रियाज पर अधिकध्यान दें।लोकप्रिय अभिनेता और नृत्य कलाकार नकुल घाणेकर ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि भाग लेने वाले नृत्य दलों ने अधिकतम भारतीय संगीत और नृत्य शैलियों में प्रदर्शन किया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि किसी भी नृत्य शैली या कला को सीखते समय एक गुरु आवश्यक है।दोनों परीक्षकों ने मुख्य रूप से कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि नवी मुंबई मनपा छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए इतने भव्य तरीके से प्रतियोगिता का आयोजन करता है और उन्हें शुभकामनाएं दीं। गायन, नृत्य, लघु नाटक, नुक्कड़ नाटक और डिंडी नामक 5 प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान जीतने वाले स्कूलों को 100, 75 और 50 अंक दिए गए। यह घोषणा की गई कि इन सभी पांच प्रतियोगिताओं में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले स्कूलों को नवी मुंबई मनपा इंटर-स्कूल सांस्कृतिक कप 2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह कप ऐरोली सेक्टर 8 ए के विबग्योर स्कूल ने सर्वाधिक 325 अंकों के साथ जीता। गायन प्रतियोगिता में कुल 54 विद्यालयों ने भाग लिया। उनमें से प्रारंभिक दौर के परीक्षक ऋग्वेद देशपांडे द्वारा छोटे और बड़े दोनों समूहों से 10-10 स्कूलों को अंतिम दौर के लिए चुना गया था। सुप्रसिद्ध संगीतकार राहुल रानाडे ने फाइनल राउंड को जज किया और पहली से पांचवीं तक के छोटे समूह में से विबग्योर हाई स्कूल ऐरोली को प्रथम रनर-अप, नवी मुंबई मनपा स्कूल नंबर 42 घनसोली को द्वितीय रनर-अप और सरस्वती विद्यालय ऐरोली को तृतीय रनर-अप के रूप में चुना। मनपा स्कूल नंबर 92 कुक्ककशेत को म्यूनिसिपल स्कूल विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा छठी से 10वीं तक की सामूहिक गायन प्रतियोगिता में मॉडर्न स्कूल वाशी ने प्रथम पुरस्कार, श्रीराम विद्यालय ऐरोली ने द्वितीय पुरस्कार और चार्टर्ड इंग्लिश सेकेंडरी स्कूल ऐरोली ने तृतीय पुरस्कार जीता। नृत्य प्रतियोगिता में कुल 65 विद्यालयों ने भाग लिया। नृत्यांगना प्रिया समर्थ द्वारा प्रारंभिक दौर की जांच करते हुए छोटे और बड़े दोनों समूहों से 10-10 स्कूलों को अंतिम दौर के लिए चुना गया था। अंतिम राउंड को प्रसिद्ध अभिनेता और नृत्य कलाकार नकुल घनेकर ने जज किया। उन्होंने 1 से 5वें छोटे समूह में टेराना विद्यालय प्राथमिक विद्यालय नेरुल को प्रथम उपविजेता, प्रिया विद्यामंदिर बेलापुर को द्वितीय उपविजेता और सरस्वती विद्यालय ऐरोली को तृतीय उपविजेता घोषित किया। इसी तरह 6वीं से 10वीं के बड़े ग्रुप में मनपा स्कूल नंबर 47 रबाडे पहले, पीवीजी विद्या भवन इंग्लिश स्कूल नेरुल दूसरे और विबग्योर हाई स्कूल ऐरोली तीसरे स्थान पर रहे। मनपा स्कूल नंबर 15 शिरावने को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# शरद पवार का धनंजय मुंडे पर निशाना? कहा- कुछ लोगों ने सत्ता का दुरुपयोग कर भूमिका बनाई

- शरद पवार ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर गहरी चिंता जताई
- राज्य सरकार को जाति-धर्म के आधार पर दुरुपयोग पर कड़ा रुख अपनाने को कहा
- जयंत पाटिल ने शरद पवार से मिलकर अपनी स्थिति स्पष्ट की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बारामतीः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार हाल ही में राहुल सोलापुरकर के बारे में बात करते नजर आए। उन्होंने कहा कि मैं यह स्वीकार नहीं करूंगा कि राज्य में माहौल ऐसा हो। लेकिन कुछ स्थानों पर स्थिति अलग है। राज्य सरकार को उन तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो इसका फायदा उठा रहे हैं। कड़ा रुख अपनाएं। यदि कोई सत्ता का दुरुपयोग करने और जाति-धर्म के आधार पर लोगों के बीच की खाई को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है तो राज्य सरकार को चुप नहीं बैठना चाहिए।किसानों के आत्महत्या पर की बातकिसानों की आत्महत्या के बारे में बोलते हुए शरद पवार ने कहा कि मराठवाड़ा और विदर्भ के कुछ जिलों से आ रही जानकारी चिंताजनक है। हम इस संबंध में सही स्थानों से जानकारी एकत्र करेंगे। केंद्र सरकार को इस संबंध में नीति बनानी चाहिए। उन्हें मदद के लिए कुछ रणनीतियां तय करनी चाहिए। सोमवार को संसद की कार्यवाही समाप्त होने के बाद इस पर विचार किया जाएगा। चुनाव हो रहे हैं।

# बदलापुर शिवसेना शहर प्रमुख के बॉडीगार्ड ने अपने सहयोगी की रिवॉल्वर चोरी की,पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर.बदलापुर के शिवसेना शहर प्रमुख वामन महात्रे के निजी अंगरक्षकों के बीच एक रिवॉल्वर चोरी का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। शिवसेना शहर प्रमुख वामन महात्रे के निजी बॉडीगार्ड के रूप में जयलाल बुंदेल पांडेय और कृष्णप्रसाद तिवारी ये दोनो ही निजी सेवा में काम करते है।इन दोनों के पास ही लाइसेंसी रिवॉल्वर है।घटना के संदर्भ में पता चला है कि 14 मार्च को होली वाले दिन वामन महात्रे के निजी अंगरक्षक कृष्णप्रसाद तिवारी अपनी ड्यूटी समाप्त होने के बाद वामन महात्रे के ऐरनजाड़ स्थित निजी फॉर्महाउस पर आराम कर रहे थे कुछ देर बाद उठकर वो नहाने गए और जब लौटे तो बाहर रखी उसकी रिवॉल्वर और उसका मोबाइल गायब मिला। बदलापुर पश्चिम पुलिस ने इस मामले ने संशय के आधार पर दूसरे अंगरक्षक जजलाल बुंदेल पांडेय से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने साथी कृष्णप्रसाद तिवारी से रंजिश की बात कुबूल करते हुए हुए उसकी रिवॉल्वर और मोबाइल चोरी करने की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। बदलापुर पश्चिम पुलिस ने जयलाल बुंदेल पांडेय को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से कृष्णप्रसाद तिवारी की रिवॉल्वर,चार कारतूस,मोबाइल और उसके स्वयं की रिवॉल्वर,मोबाइल और सात जिंदा कारतूसों को जब्त कर लिया।पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए उसे जेल भेज दिया।

# विलुप्त होती लोक कलाओं का पुनरुद्धार एवं अन्य कलाओं को सम्मान देना आवश्यक : आशीष शेलार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , विलुप्त होती लोक कलाओं का पुनरुद्धार एवं अन्य कलाओं को सम्मान देना आवश्यक है। सांस्कृतिक कार्य एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने कहा है कि सांस्कृतिक विभाग अपने राज्य को देश के सामने समृद्ध राज्य के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से ईमानदारी से कार्य कर रहा है। ठाणे के बालासाहेब ठाकरे कलादान में दो दिवसीय श्रमिक कलाकारों का कला महोत्सव शुरू हो गया है। आज इसका शेलार ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन महीने से यह सरकार मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व में काम कर रही है।इसके लिए सांस्कृतिक कार्य निदेशालय को विशेष जिम्मेदारी दी गयी है।पिछले 80 से 85 दिनों में मैंने इस विभाग के माध्यम से 170 कार्यक्रम किये। इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्कृति का प्रचार-प्रसार, कलाकारों को अवसर एवं स्थान देने का कार्य किया जा रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष में 365 दिनों में 1200 कार्यक्रमों की योजना है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम का स्वाद इसलिए अलग है क्योंकि कार्यकताओं के काम में निहित मेधावी भाव कार्यकताओं के काम से जुड़ा है। सांसद नरेश म्हस्के, विधान परिषद सदस्य एड निरंजन डावखरे, भाजपा ठाणे शहर अध्यक्ष संजय वाघुले, संदीप लेले, सांस्कृतिक विभाग के संयुक्त निदेशक श्रीराम पांडे, समर्थ भारत व्यासपीठ के निदेशक सुरेंद्र वैद्य, उल्हास कार्ले, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भटू सावंत आदि उपस्थित थे। तृतीयपंथी, तमाशा कलाकार, गांधारी, संबल वादक, अंध दिव्यांग, पोतराज, वासुदेव, कोली बांधव, तारपा कलाकार जैसे 100 से अधिक श्रमिक कलाकारों ने गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष अपनी कला प्रस्तुत की।

फास्ट ट्रैक

# बदलापुर में हिंदी शिक्षा प्रसार मंडल के हिंदी विद्यालय में लिपिक की भर्ती के मामले में विवाद सामने आया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर.बदलापुर पूर्व स्थित हिंदी शिक्षा प्रसार मंडल द्वारा संचालित हिंदी विद्यालय में लिपिक की भर्ती मामले में संस्थान के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के मध्य विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हिंदी शिक्षा प्रसार मंडल के अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने आरोप लगाते हुए कहा कि संस्थान के ही उपाध्यक्ष और सहयोगी अपने रिश्तेदार महिला को विद्यालय में लिपिक के पद पर नियमों की अवहेलना करते हुए नियुक्ति देना चाहते थे।जबकि संस्थान की तरफ से नियमानुसार नियुक्ति के लिए समाचारपत्र में विज्ञापन निकाला गया और बाकायदा नियमों के अनुसार इंटरव्यू में सफल हुई योग्य प्रत्याशी कोकिला पाटिल को लिपिक के तौर पर विद्यालय में नियुक्त कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि इस घटना के बाद से ही संस्थान के उपाध्यक्ष और उनके सहयोगी असंतुष्ट होकर उन पर झूठे आरोप लगाकर मानसिक प्रताड़ना दे रहे हैं।इसके साथ ही उन लोगों के द्वारा संस्थान के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चुराने की घटना को भी अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा किया गया कार्य पूर्णतः न्यायोचित और। नियमसम्मत है। संस्थान के हित के लिए वो हर संघर्ष का सामना करने को तैयार हैं।

# शराब के नशे में कार से टकराया बाइक सवार

## जलालाबाद में भीड़ ने की तोड़फोड़, चालक अस्पताल में भर्ती

जलालाबाद, बझेड़ा चौराहे पर रविवार सुबह 10 बजे एक अजीब घटना सामने आई।फरुर्खाबाद रोड पर बझेड़ा गांव के बाबू सिंह शराब के नशे में बाइक चला रहे थे। वह जलालाबाद की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक सामने से आ रही एक कार से टकरा गई। कार चालक ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया। हालांकि बाबू सिंह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जमा कुछ स्थानीय लोगों ने कार पर हमला कर दिया। उन्होंने कार के शीशे तोड़ डाले। यह सब तब किया गया जब कार चालक की कोई गलती नहीं थी। ग्रामीणों के मुताबिक बाइक को कोई नुकसान नहीं हुआ। लेकिन भीड़ ने डंडों से कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीआरबी पुलिस ने घायल बाबू सिंह को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# दुकानदार पर ताना तमंचा

## युवक ने लगाया गाली-गलौज का आरोप, दूसरे पक्ष ने भी दी शिकायत

शाहजहांपुर, जलालाबाद में एक दुकानदार पर तमंचा दिखाकर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। आजादनगर के रहने वाले अजय शर्मा ने जलालाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अजय बरेली रोड स्थित जमदग्निनगर वार्ड में एक दुकान चलाते हैं। उनका आरोप है कि जमदग्निनगर निवासी विमलेश शर्मा अक्सर अपने साथियों के साथ उन्हें गालियां देता है। अजय के मुताबिक शनिवार रात जब वह अपनी दुकान पर बैठे थे, तब विमलेश वहां आया। विमलेश ने उन्हें अभद्र गालियां दीं। जब अजय ने इसका विरोध किया, तो विमलेश ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दे दी। विमलेश के साथ कुछ अन्य लोग भी थे, जिन्हें अजय नहीं पहचान पाए। पीड़ित ने पुलिस को घटना का वीडियो भी दिखाया है। इंस्पेक्टर क्राइम रविशंकर यादव ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों से शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बलिया मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति पर होली मिलन समारोह

## विधायक ने सीएम का जताया आभार, बोलीं- भोजपुरी में दिए भाषण के लिए मिला सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बलिया, गड़वार के चंद्रचूर्ण सिंह इंटर कॉलेज में शनिवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन बलिया मेडिकल कॉलेज और चित्तू पांडेय सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में स्मारक के निर्माण की मंजूरी के उपलक्ष्य में किया गया। भाजपा फेफना विधानसभा के कार्यकताओं ने होली मिलन और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में बांसडीह की विधायक केतकी सिंह मौजूद रहीं। कार्यकताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक का यह सम्मान मेडिकल कॉलेज के लिए किए गए प्रयासों और विधानसभा में पहली बार भोजपुरी में दिए गए भाषण के लिए किया गया। केतकी सिंह ने कहा कि वह भोजपुरिया समाज का प्रतिनिधित्व कर सौभाग्यशाली महसूस करती हैं। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और इसका श्रेय बलिया की जनता को दिया। पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बलिया के योगदान को देखते हुए मेडिकल कॉलेज पहले मिलना चाहिए था। पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह ने जनसेवा पर जोर देते हुए कहा कि पद से ज्यादा क्षेत्र का विकास महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र पांडेय ने विधायक केतकी सिंह की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से टुनटुन उपाध्याय एवम उमेश सिंह ने किया।। इस अवसर पर मन्नू सिंह, बृजनाथ सिंह, सचिदानंद सिंह, विजय गुप्ता, सतीश उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# होली पर नहर में डूबे दो किशोर, दोनों की मौत

## दूसरे युवक का भी शव मिला, परिवार में मचा कोहराम



रायबरेली, होली के दिन शारदा नहर में डूबे दो किशोरों के शव बरामद कर लिए गए हैं। कचौंदा नानकारी गांव के पास शारदा नहर में नहाते समय तेज बहाव में डूबे जयदीप रावत और सुजीत की मौत हो गई।जयदीप रावत का शव शनिवार की सुबह बरामद किया गया था। वहीं गोताखोरों की मदद से सुजीत का शव भी मिल गया। घटना भदोखर थाना क्षेत्र में हुई। होली के दिन दोनों किशोर मिल एरिया थाना क्षेत्र के कचौंदा नानकारी गांव के पास शारदा नहर में नहा रहे थे। नहर के तेज बहाव में दोनों डूब गए।

पुलिस और गोताखोर लगातार तलाश में जुटे थे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है। इस दुखद घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में विवाद



- रायबरेली युवक की मारपीट के बाद इलाज के दौरान मौत, दो आरोपी फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, बछरावां में नाली से पानी निकालने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। कसरावां गांव में हुई इस घटना में सोनू (35) की हंसराज और उसके भाई रामराज से कहासुनी हो गई। दोनों भाइयों ने सोनू की लात-घूसों से पिटाई कर दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे, सोनू गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल न ले जाकर घर ले आए। सोनू की तबीयत बिगड़ी। परिजन उसे फिर सीएचसी ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई रामकरन का आरोप है कि नाली में पानी गिराने के विवाद में हंसराज और रामराज ने उनके भाई को इतना पीटा कि उसकी जान चली गई। सोनू की मौत से उसकी पत्नी पूजा और दो बेटों रूपेश व प्रिंस का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष पंकज त्यागी ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी के आवास पर होली मिलन समारोह में जुटे गणमान्य

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ), मान्धाता क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा नेता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी ( पिंटू तिवारी ) के आवास पर होली मिलन समारोह का शानदार आयोजन किया गया जहां पर फूलों की होली मनाई गयी। गुलाल और अबीर के स्थान पर फूलों की पंखुड़ियों की एक दूसरे पर वर्षा कर होली मनाई गई। भाजपा नेता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी ( पिंटू तिवारी ) ने सभी लोगों पर पुष्प वर्षा कर होली की बधाई देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने और हिंदुत्व की अखंडता को कायम रखने के इस पावन पर्व होली पर हम सभी एकजुट होकर आपसी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं। भाजपा नेता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी ( पिंटू तिवारी ) के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में उपस्थित लोगों ने इस शानदार आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा नेता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी ( पिंटू तिवारी ) हिंदुत्व और सनातन संस्कृति के वास्तविक संवाहक है। क्षेत्र में पिंटू तिवारी लोकप्रिय व्यक्तिव है और जनता के सुख-दुख में शामिल होकर गांव समाज की सेवा में लगे रहते हैं। भाजपा नेता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी ( पिंटू तिवारी ) ने होली मिलन समारोह उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस होली मिलन समारोह में पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, जिला संचालक हेमंत जी,सूर्य नारायण तिवारी,शिवा कांत दुबे, अवनीश कुमार मिश्र, पत्रकार धर्मेन्द्र दुबे, अतुल कुमार यादव,सत्य प्रकाश ओझा , सुभाष पांडेय, अभिषेक तिवारी, शम्भू नाथ मिश्रा, मुन्ना मिश्रा,राम अभिलाष मिश्रा, विनोद कुमार पांडेय, कृष्ण चंद्र त्रिपाठी, अविनाश तिवारी अद्वैत दशरथ तिवारी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नदी में मिला महिला का शव

- कपड़े में बंधी हुई थी बॉडी, कई दिनों पहले मौत, शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, रामगंगा नदी से एक युवती का शव बरामद हुआ है। थाना मिजार्पुर क्षेत्र में स्थित नदी में कपड़े की गठरी में बंधा शव ग्रामीणों को दिखाई दिया। ग्रामीणों ने गठरी को नदी किनारे लाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब कपड़े को खोला तो उसमें एक महिला का शव मिला। शव कई दिनों पुराना लग रहा है। पानी में रहने के कारण शरीर फूला हुआ है। मृतका की उम्र लगभग 25 वर्ष आंकी गई है। घटनास्थल पर जुटी भीड़ में से कोई भी महिला की पहचान नहीं कर पाया। पुलिस ने आसपास के गांवों में भी मृतका की तस्वीरें दिखाई। सीओ जलालाबाद अमित चौरसिया के अनुसार, पुलिस महिला की पहचान के लिए कई स्तर पर प्रयास कर रही है। शव की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं। साथ ही, विभिन्न थानों से महिलाओं की दर्ज गुमशुदगी की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

# होली पर ससुराल आए मजदूर की रेलवे ट्रैक पर मौत

- परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, पत्नी बोली- ट्रेन की चपेट में आने से मरे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, निगोही थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक मजदूर का शव मिला है। मृतक की पहचान राम सिमरन ( 35 ) के रूप में हुई है। वह हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करता था और होली से एक दिन पहले ही अपनी ससुराल ककरूआ में पत्नी और बच्चों से मिलने आया था। गांव ढकिया तिवारी के पास रेलवे ट्रैक पर स्थानीय लोगों को शव मिला। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विजयपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के हाथ की दो उंगलियां कटी हुई थीं और सर में चोट के निशान थे। घटना को लेकर परिवार में दो पक्ष सामने आए हैं। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं पत्नी संगीता का कहना है कि ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है। उन्होंने किसी तरह के झगड़े से इनकार किया है। जानकारी के अनुसार, मृतक शराब का आदी था। थाना अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बताया कि पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और मिली तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया है।

# महिला डॉक्टर की कार पर हमला :50 लाख रंगदारी मांगने का आरोप

## विरोध पर गोली चलाई; बच्चों को उठा ले जाने की धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक महिला डॉक्टर के परिवार को रंगदारी के लिए निशाना बनाया गया। चौक कोतवाली क्षेत्र की राधेकुंज कालोनी में रहने वाली डॉक्टर दीपिका अग्रवाल की कार पर दो बाइक सवारों ने ईंटों से हमला किया। इस घटना में बदमाशों ने कार के शीशे तोड़ दिए। शीशे टूटने की आवाज सुनकर जब परिवार बाहर आया, तो बदमाशों ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उन्होंने फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। आरोपियों ने रंगदारी न देने पर डॉक्टर के बच्चों को उठा ले जाने की धमकी भी दी। स्थानीय लोगों ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इससे पहले भी उनसे रंगदारी मांगी गई थी। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को शिकायत भी की थी। थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है और रंगदारी के आरोपों की जांच की जा रही है।

# फाइनेंस कंपनी के रीजनल ऑफिसर पर जानलेवा हमला

## पुराने विवाद में दो कर्मचारियों ने कमरे में ले जाकर मारी गोली, केस दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, मनापुरम फाइनेंस लिमिटेड के रीजनल ऑफिसर शरद सक्सेना पर जानलेवा हमला हुआ है। कंपनी के दो कर्मचारियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना 13 मार्च की है।



शरद सक्सेना का ऑफिस कोतवाली के गोहरपुर स्थित मिशन स्कूल के सामने है। आरोपी कर्मचारी केशव तिवारी और अनमोल दीक्षित ने शरद को एक कमरे में बुलाया। वहां उन्होंने गोली मार दी। पीड़ित के भाई ने बताया कि एक सप्ताह पहले आरोपियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान दोनों ने शरद को देख लेने की धमकी दी थी। घटना के बाद घायल शरद को पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी राजीव कुमार के अनुसार आरोपियों की तलाश की जा रही है। शरद चौक कोतवाली क्षेत्र के अकब मस्जिद इलाके के रहने वाले हैं।

# 19 साल के युवक ने पेड़ से लटककर दी जान



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , थाना निगोही क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। बलेली गांव के 19 वर्षीय अमित ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की शाम को अमित ने परिवार के साथ खाना खाया। इसके बाद वह अपना मोबाइल घर में रखकर बिना किसी को बताए निकल गया। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात में गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर एक पेड़ पर अमित का शव लटका मिला।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमला

## दावा- 90 सैनिक मारे; 5 दिन पहले ट्रेन हाईजैक में 28 सैनिक, 33 बलूच लड़ाके मारे गए थे

एजेंसी

इस्लामाबाद, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया है।

इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। हमला क्वेटा से कफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया गया।

बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया।

इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था,

वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।



### पाकिस्तानी पुलिस बोली– सिर्फ 5 सैनिक मारे गए

पाकिस्तानी पुलिस ने बलूच आर्मी के दावे के उलट कहा है कि सड़क के पास पड़े एक बम में विस्फोट हुआ। सैनिकों को लेकर वहां से गुजर रही बस इसकी चपेट में आ गई। हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 10 घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। 5 दिन पहले बीएलए ने पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन का अपहरण कर लिया था। बीएलए का दावा था कि उसने ट्रेन से बंधक बनाए 214 पाकिस्तानी सेना से जुड़े लोगों को मार डाला है। हालांकि इस मामले में पाकिस्तानी सेना ने कहा था कि उसके सिर्फ 28 सैनिक मारे गए थे, जबकि सभी 33 बलूच लड़ाकों को ढेर कर दिया गया था। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती ने कहा कि बलूचिस्तान की शांति से खेलने वालों का खात्मा बहुत बुरा होगा। ये कायराना हमले हमारे हिम्मत को नहीं तोड़ सकते। हर कीमत पर हम शांति को कायम करेंगे। यह जंग तब तक जारी रहेगी, जब तक आखिरी आतंकवादी नहीं मारा जाता। 11 मार्च को को बीएलए ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर पैसेंजर ट्रेन को हाईजैक कर लिया था। जाफर एक्सप्रेस मंगलवार की सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इससे पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले को अंजाम दिया। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बीएलए ने ट्रेन पर हमला किया।

सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बीएलए ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ।

# नॉर्थ मैसेडोनिया के नाइट क्लब में आग, 51 की मौत

## 100 से ज्यादा घायल, क्लब में म्यूजिक कॉन्सर्ट में हादसा; 1500 लोग मौजूद थे

एजेंसी

स्कोप्जे, यूरोपीय देश नॉर्थ मैसेडोनिया के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात आग लगने से कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोकानी शहर में आयोजित हिप हॉप म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान यह हादसा हुआ। कोकानी शहर राजधानी स्कोप्जे से लगभग 100 किलोमीटर दूर है। 30,000 की आबादी वाले इस शहर के नाइट क्लब में उस समय आग लगी जब फेमस हिप-हॉप जोड़ी एडीएन का म्यूजिक प्रोग्राम चल रहा था। इस



कॉन्सर्ट के लिए 1500 लोग क्लब में जमा हुए थे। माना जा रहा है कि प्रोग्राम के दौरान किसी ने क्लब के अंदर आतिशबाजी की, जिससे आग लग गई। आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई और भगदड़ में कुछ लोग कुचल गए। प्रधानमंत्री बोले- देश के लिए बहुत मुश्किल दिन प्रधानमंत्री ह्रीस्टिजान मिकोस्की ने एक्स पर लिखा- नॉर्थ मैसेडोनिया के लिए यह एक कठिन और बहुत दुखद दिन है। इतने सारे युवाओं की दुखद मौत की कभी भरपाई नहीं हो सकती है। सरकार इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों की तकलीफ कम करने की हर संभव कोशिश करेगी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को राजधानी स्कोप्जे समेत देश भर के अलग-अलग अस्पतालों में एडमिट किया गया है। इसमें कई स्वयंसेवी संगठनों की मदद भी ली जा रही है। इस मामले में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है, लेकिन अभी इसके बारे में कोई डिटेल जानकारी नहीं दी गई है। नार्थ मैसेडोनिया की 20 लाख से भी कम आबादी दक्षिण-पूर्वी यूरोप में स्थित नार्थ मैसेडोनिया की आबादी 20 लाख से भी कम है। इस देश की बॉर्डर अल्बानिया, बुल्गारिया, ग्रीस, कोसोवो और सर्बिया से लगती है।

यह लैंड लॉक्ड कंट्री है यानी यह चारों तरफ जमीन से घिरा हुआ है। नॉर्थ मैसेडोनिया पूर्व में युगोस्लाविया का हिस्सा था।

1991 में यह आजाद देश बना। यह 1993 में यूएन का सदस्य बना।

# पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी मारा गया

## जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों की बस पर हमला करवाया था; आतंकी हाफिज सईद का करीबी

एजेंसी

इस्लामाबाद, लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल शनिवार रात पाकिस्तान में मारा गया। पंजाब जिले में अनजान हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। अबू कताल 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। कताल छीळ का अहम सदस्य था और जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था। पिछले साल 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमले में भी कताल का हाथ था। इसमें 10 लोगों की जान गई थी। सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि इस हमले में आतंकी हाफिज सईद भी मारा गया है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि जब अबू कताल अपनी कार से झेलम इलाके से गुजर रहा था, तो बाइकसवारों ने कार पर ओपन फायर कर दिया। इस हमले में अबू कताल मारा गया, जबकि कार में मौजूद हाफिज सईद घायल हुआ था। बाद में उसकी भी जान चली गई। हालांकि इन दावों का खंडन कर दिया गया है। पिछले साल आतंकियों ने रियासी में बस पर ओपन फायर किया था 9 जून 2024 को आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर ओपन फायर किया था। हमले में ड्राइवर घायल हुआ था और उसका



बस से कंट्रोल खो गया था। इसके चलते बस खाई में गिर गई। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 लोग घायल हो गए थे। इस हमले की साजिश में कताल का नाम आया था। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 2023 के राजौरी हमले में अबू कताल का नाम अपनी चार्जशीट में शामिल किया था। 1 जनवरी 2023 को राजौरी जिले के धंगरी गांव में एक आतंकी हमले में आम नागरिकों को निशाना बनाया गया था। अगले दिन, एक आइईडी विस्फोट भी हुआ। इन हमलों में सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। एनआईए ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा के तीन और आतंकी भी शामिल थे। एनआईए की चार्जशीट में जिन तीन आतंकियों के नाम हैं, वे हैं- अबू कताल, सैफुल्लाह उर्फ साजिद जट्ट (जो अली, हबीबुल्लाह और नोमान समेत कई और नामों से भी जाना जाता था) और मोहम्मद कासिम के रूप में की गई थी। अबू कताल और साजिद जट्ट पाकिस्तानी नागरिक थे, जबकि मोहम्मद कासिम भारतीय था और 2002 के आसपास पाकिस्तान चला गया था। वहां जाकर वह लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हो गया था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ कि इन तीनों को जिम्मेदारी दी गई थी कि वे लश्कर-ए-तैयबा में पाकिस्तानी आतंकियों की भर्ती कराएंगे और उन्हें जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए तैनात करेंगे।

# अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों पर एयरस्ट्राइक की

## 31 की मौत; ट्रम्प बोले- तुम्हारा वक्त पूरा हुआ, हम आसमान से कहर बरसाएंगे

एजेंसी

सना, अमेरिकी सेना ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों पर एयरस्ट्राइक की। हमले में 31 लोगों की मौत हुई है। इनमें हूती विद्रोहियों के साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जबकि, 101 लोग घायल हुए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका की हूती विद्रोहियों पर पहली बड़ी कार्रवाई है। इसके बारे में ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा- हूती आतंकियों, तुम्हारा वक्त पूरा हो गया है। अमेरिका तुम पर



आसमान से ऐसी तबाही बरसाएगा, जो पहले कभी नहीं देखी होगी। दरअसल, यह कार्रवाई रेड सी में अमेरिकी जहाजों पर किए गए हूती हमलों के जवाब में की गई है। चार महीने पहले हूती विद्रोहियों ने रेड सी में अमेरिकी वॉरशिप पर कई हमले किए थे। ट्रम्प ने कहा कि इन हूती आतंकियों को ईरान फंड कर रहा है। ये आतंकी अमेरिकी विमानों पर मिसाइलें दाग रहे हैं और हमारे सैनिकों और सहयोगियों को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों से अमेरिका और ग्लोबल इकोनॉमी को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है और बेगुनाह लोगों की जान खतरे में पड़ी है। ईरान को चेतावनी देते हुए ट्रम्प ने कहा कि हूती आतंकियों को समर्थन देना बंद करो। अमेरिका को, उसके राष्ट्रपति को धमकाने की कोशिश मत करो। अगर तुमने ऐसा किया तो अमेरिका तुम्हें पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराएगा और हम इसे हल्के में नहीं लेंगे! ट्रम्प ने कहा कि इन हमलों के खिलाफ जो बाइडेन ने कभी ताकत के साथ कार्रवाई नहीं की, इसलिए हूती बेखौफ होकर हमले करते। आखिरी बार किसी अमेरिकी जहाज को सुरक्षित तरीके से स्वेज नहर, रेड सी या अदन की खाड़ी से गुजरे हुए एक साल हो गया है। लेकिन अब अमेरिकी जहाजों पर हूती हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अमेरिकी हमले के बाद हूती विद्रोहियों ने कहा कि वो अमेरिका के हमले का जवाब देंगे।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने एलजी और पीडब्ल्यूडी मंत्री के साथ प्रमुख नालों की स्थिति का किया निरीक्षण



**गुप्ता ने 'निकासी प्रणाली की अनदेखी करने' के लिए पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि इसके कारण सड़कों पर जलभराव हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इन नालों को गंभीरता से नहीं लिया। जब इन जैसे बड़े नालों की सफाई नहीं की जाती तो जल-मल का सड़कों पर बहना स्वाभाविक है।'**

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को शहर के प्रमुख नालों की स्थिति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मानसून से पहले इनकी सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के साथ उपराज्यपाल वी के सक्सेना, लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा और अन्य अधिकारी भी थे।गुप्ता ने 'निकासी प्रणाली की अनदेखी करने' के लिए पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि इसके कारण सड़कों पर जलभराव हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इन नालों को गंभीरता से नहीं लिया। जब इन जैसे बड़े नालों की सफाई नहीं की जाती तो जल-मल का सड़कों पर बहना स्वाभाविक है।' उन्होंने बरसात के मौसम में सड़कों पर पानी भरने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गुप्ता ने सुनहरी, बारापुला और कुशक नालों की स्थिति का निरीक्षण किया तथा पाया कि उनके रखरखाव के लिए जिम्मेदार विभिन्न एजेंसी के बीच समन्वय की कमी है।

उन्होंने कहा, 'विभिन्न एजेंसी के बीच इस बात को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी कि नालों की सफाई और रखरखाव कौन करेगा। हमने अब यह जिम्मेदारी बाढ़ और सिंचाई विभाग को दे दी है। नालों से समय पर गाद निकालने की जिम्मेदारी इसी एजेंसी की होगी। इस काम के लिए एक योजना बनाई जाएगी और बजट आवंटित किया जाएगा।'गुप्ता ने कहा कि पहले से तैयारी करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'इन नालों को मानसून से पहले साफ किया जाना चाहिए, ताकि उनमें बारिश के दौरान पानी न भरे। एक दिन में कुछ नहीं होता। हमें प्रदूषण से निपटने के लिए गर्मियों की कार्ययोजना और सर्दियों की योजना आज से ही शुरू करनी होगी।' उन्होंने कुशल शासन सुनिश्चित करने के लिए अपनी सरकार की रणनीति को भी रेखांकित किया। गुप्ता ने कहा, 'सभी मंत्रियों को मिशन दिए गए हैं और हमारे सभी विधायकों को लोक कार्यों में लगाया गया है।

# जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा लात : गडकरी

## मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा, लेकिन अपने सिद्धांत पर अटल रहूंगा

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कॉलेज के दीक्षांत समारोह में कहा, 'दुर्भाग्यवश ये पांच ही धंधे मुस्लिम समाज मे लोकप्रिय हुए, चाय की टपरी, पान ठेला, कबाड़ी की दुकान, ट्रक ड्राइवर और क्लीनर।' उन्होंने आगे मुस्लिमों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा और रोजगार के महत्व को समझें। इन सीमित व्यवसायों से अलग आपको मेडिकल और इंजीनियरिंग जैस क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनानी चाहिए।**



एजेंसी

नागपुर , केंद्रीय रोड और ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। नागपुर में शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात।'गडकरी ने एक अल्पसंख्यक संस्थान के दीक्षांत समारोह में कहा, 'मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता। समाज सेवा सबसे ऊपर है। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा। मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा।'

### भेदभाव नहीं करता

गडकरी ने कहा कि हम कभी भी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते। मैं राजनीति में हूं और यहां कई तरह की बातें होती हैं। लेकिन मैंने अपने तरीके से काम करने का फैसला किया है। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि कौन मुझे वोट देगा।उन्होंने कहा कि मेरे दोस्तों ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए तुम्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। लेकिन मैंने जीवन में इसी सिद्धांत पर चलने का निश्चय किया है। चुनाव हारने या मंत्री पद न मिलने से मैं मर थोड़े ही जाऊंगा।

### मुस्लिम आईपीएस –आईएएस बने तो सबका विकास

गडकरी ने बताया कि उन्होंने एमएलसी रहते हुए एक इंजीनियरिंग कॉलेज की अनुमति अंजुमन-ए-इस्लाम संस्थान (नागपुर) को ट्रांसफर कर दी थी। उन्हें लगा कि मुस्लिम समुदाय को इसकी ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर मुस्लिम समुदाय से ज्यादा इंजीनियर, कढर और कअर अफसर बनेंगे तो सबका विकास होगा।

# पवन कल्याण ने प्रकाश राज को दिया करारा जवाब

## हिंदी भाषा विवादः पवन कल्याण ने कहा - भाषा थोपना और आंख मूंदकर विरोध दोनों गलत

एजेंसी

साउथ सुपरस्टार और तमिलनाडु के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने हाल ही में एक भाषण में हिंदी भाषा का विरोध करने वाले नेताओं को फटकार लगाई है। उन्होंने कहा है कि तमिलनाडु के लोग हिंदी का विरोध करते हैं, जबकि यहां कि फिल्मों को हिंदी में डब करके बॉलीवुड से पैसे कमाते हैं। उनका ये बयान साउथ में हिंदी भाषा के विरोध पर आया था। हालांकि इसके सामने आते ही प्रकाश राज ने उन पर हिंदी भाषा थोपने के आरोप लगाए हैं। भाषा की इस लड़ाई में अब पवन कल्याण ने भी प्रकाश राज को करारा जवाब दिया है।प्रकाश राज ने साउथ भाषा का सपोर्ट कर लिखा था, 'अपनी हिंदी भाषा हम पर मत थोपो' का मतलब है, दूसरी भाषा से नफरत किए बिना अपनी मातृभाषा और अपनी मां की रक्षा



गर्व से करना। ये बात कोई पवन कल्याण को बताओ प्लीज।इसके जवाब में पवन कल्याण ने भड़कते हुए लिखा है, किसी भाषा का जबरन थोपा जाना या किसी भाषा का आंख मूंदकर सिर्फ विरोध किया जाना, दोनों ही प्रवृत्ति हमारे भारत देश की राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता के मूल उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायक नहीं है। मैंने कभी भी हिंदी भाषा का विरोध नहीं किया। मैंने सिर्फ इसे सबके लिए अनिवार्य बनाए जाने का विरोध किया। जब एनईपी-2020 खुद हिंदी को अनिवार्य तौर पर लागू नहीं करता है।

# ओडिशा का बौध देश में सबसे गर्म, पारा 42.5डिग्री:हीटवेव का रेड अलर्ट

**मौसम विभाग ने आज ओडिशा में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही राजस्थान समेत 14 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में एवलांच की चेतावनी दी है।**

## राजस्थान समेत 14 राज्यों में बारिश, हिमाचल में एवलांच की चेतावनी

एजेंसी

नई दिल्ली , देश में गर्मी, बारिश और बर्फबारी तीनों का असर एक साथ दिख रहा है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में भारी गर्मी पड़ रही है। यहां अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है।ओडिशा के बौध में तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो देश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले साल 5 अप्रैल को ऐसी गर्मी थी। इस बार एक महीने पहले ऐसे हालात हैं।छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में लू जैसे हालात हैं। 40.5 डिग्री तापमान के साथ शनिवार को



बिलासपुर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश-बर्फबारी हुई है। हिमाचल के शिमला, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, चंबा और सिरमौर में 20 मार्च तक बारिश-बर्फबारी का दौर जारी रहेगा।पंजाब में पिछले 24 घंटों में 1.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। आज भी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। हरियाणा में दो दिन से कई इलाकों में बारिश, तेज हवाओं के साथ ओला वृष्टि हुई है।18 मार्च तक 8-9 राज्यों में तेज बारिश की आशंकापंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व बिहार में अगले एक हफ्ते के दौरान तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चलने की भी आशंका है। दक्षिण में तेलंगाना में 18 मार्च तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। छत्तीसगढ़ मध्य भारत में में 2 दिन तापमान 2 डिग्री बढ़ सकता है।उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है और उसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं।

## संक्षेप

### पेट्रोल पंप पर पहले पेट्रोल डलवाने को लेकर विवाद

**बदमाशों ने युवक को मारी गोली और तोड़ा हाथ, सीसीटीवी के आधार पर तलाश जारी**

अमरोहा, गजरौला में एक पेट्रोल पंप पर पहले पेट्रोल डलवाने को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। घटना हरिद्वार-बदायूं स्टेट हाईवे पर टेवा फैक्ट्री के सामने स्थित एचपी पेट्रोल पंप की है। गजरौला के मोहल्ला तिगरिया भूड़ निवासी चमन पुत्र शीशपाल अपने दो दोस्तों सुमित और प्रशांत के साथ पेट्रोल डलवाने गया था। इसी दौरान दूसरी बाइक पर आए बदमाशों ने पहले पेट्रोल डलवाने की बात कही। चमन ने जब उन्हें बताया कि वह पहले आया है इसलिए पहले वह पेट्रोल डलवाएगा, तो बदमाशों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने चमन के पेट में गोली मार दी और उसका हाथ भी तोड़ दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

### एनएच-9 पर हुआ हादसा

**कार और रॉन्ग साइड से आ रहे नए ट्रैक्टर में हुई टक्कर, कोई घायल नहीं**

अमरोहा, रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 9 पर रविवार सुबह एक दुर्घटना हुई। जीएमएस हॉस्पिटल के पास दिल्ली की ओर से आ रही बलेनो कार और रॉन्ग साइड से आ रहे जॉन डियर ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। घटना उस समय हुई जब कार ढाबे की तरफ मुड़ने की कोशिश कर रही थी। कार में एक महिला और बच्चे समेत चालक सवार थे। सौभाग्य से सभी यात्री सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही पीआरवी और रजबपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। थाना पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर नया है और उस पर अभी नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस ट्रैक्टर और उसके चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### हसनपुर में खेत में मिले शव की हुई पहचान

**बिजनौर का रहने वाला था युवक, घर से दवा लेने निकला था**

हसनपुर, थाना शिवाला कलां क्षेत्र के शहबाजपुर गांव में एक दर्दनाक हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मोकेंद्र के रूप में हुई है। वह वीरेंद्र कुमार का पुत्र था। दवा लेने के लिए घर से निकला था। जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने थाना शिवाला कलां में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उसी दिन अमरोहा जिले के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में बावनखेड़ी चकौरी मार्ग पर एक शव मिला। शव खेतों की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर पड़ा था। मृतक के हाथ पर 'ओम' और 'एमके' लिखा हुआ था। घटनास्थल पर खून भी मिला। क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लगता है।

# प्रयागराज में संगम के किला घाट पर नाव पलटी

## सहारनपुर से आए 6 श्रद्धालु नदी में गिरे, एक महिला की मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, संगम में स्नान के लिए जा रही नाव किला घाट पर पलट गई। नाव में सवार सहारनपुर से आए 6 श्रद्धालु यमुना नदी में गिर गए। जिसमें से एक महिला की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय नाविकों और जल पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर 5 लोगों को बचा लिया।

सहारनपुर निवासी अशोक जैन अपनी पत्नी शशि जैन और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संगम स्नान के लिए आए थे। नाविक आलोक निषाद



के अनुसार, नाव में बैठते समय महिलाओं के एक तरफ होने से नाव का संतुलन बिगड़ गया। नाविक संतुलन बनाने की कोशिश करता, इससे पहले ही नाव पलट गई। नाविक आलोक निषाद ने एक 5 वर्षीय बच्चे और एक महिलाओं को बचाया। 67 वर्षीय शशि जैन की हालत पानी में गिरने से बिगड़ गई। जल पुलिस ने उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां उनकी मौत हो गई।

जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि 5 श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया है। एक महिला शशि जैन की मौत हो गई है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

## शराब पीकर आया था घर, परिवार ने किसी पर नहीं लगाया आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, कौंधियारा थाना क्षेत्र के कटरा कोलान बस्ती में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 20 वर्षीय जियालाल का शव आम के पेड़ पर लटका मिला।

जियालाल शनिवार को दोस्तों के साथ होली खेलने गया था। रात को वह शराब के नशे में घर लौटा और छत पर सोने चला गया।

अगली सुबह स्थानीय लोगों ने उसे घर से कुछ मीटर दूर आम के पेड़ पर लटका हुआ पाया। ग्रामीणों ने तुरंत परिवार और पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता शिवकरन के चार बच्चों में जियालाल दूसरे नंबर का था और अविवाहित था।

परिजनों के अनुसार, जियालाल शराब पीने का आदी था। वह अक्सर नशे में घर के पीछे के रास्ते से छत पर



चढ़कर सोता था।

परिवार उसे इस आदत के लिए डांटता-फटकारता भी था। कौंधियारा थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# भाजपा का बड़ा फैसला

**स्मृति ईरानी के करीबी सुधांशु शुक्ला बने नए जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भारतीय जनता पार्टी ने नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला को यह जिम्मेदारी सौंपी है। सुधांशु पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद स्मृति ईरानी के करीबी हैं। अभी तक वो भाजपा के जिला महामंत्री थे।सुधांशु की गिनती



अमेठी में भाजपा के युवा और संघर्षशील नेताओं में होती है। गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की गई। जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय की मौजूदगी में यह चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। कार्यक्रम में राज्यमंत्री और तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह, जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा और दयाशंकर यादव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह, केशव सिंह और अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। जिला चुनाव अधिकारी ने इस नियुक्ति को आगामी पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी का महत्वपूर्ण कदम बताया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

## अमरोहा के निजी अस्पताल में लापरवाही का आरोप, पहले भी कई घटनाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, गजरौला कस्बे में एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई।

गजरौला के गांव पपसरा खादर निवासी आरिफ की पत्नी नगमा खातून को प्रसव पीड़ा के कारण अतरपुरा मोहल्ले स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नगमा ने ऑपरेशन से एक बेटे को जन्म दिया। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। अस्पताल ने उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। रास्ते में ही नगमा की मृत्यु हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और स्टाफ की लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस



ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। सर्किल सीओ श्वेताभ भास्कर के अनुसार अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। मृतका की शादी दो साल पहले हुई थी और यह उनका पहला बच्चा था। यह अस्पताल पहले भी विवादों में रहा है। कई बार इसे सील भी किया जा चुका है। फिर भी यह अस्पताल संचालित हो रहा था। इस घटना ने एक बार फिर निजी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सालों ने जीजा को लाठी-डंडों से पीटा



**अमरोहा में पारिवारिक विवाद में की मारपीट, बेटे को लेने गए थे; कार भी तोड़ी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, गांधी मूर्ति चौराहे के पास एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रोहित नाम का व्यक्ति अपने 4 वर्षीय बेटे को पत्नी के पास से लेने पहुंचा था। इस दौरान पत्नी के भाइयों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। रोहित ने जान बचाने के लिए कार में भागने का प्रयास किया। हमलावरों ने उसकी कार को रोककर तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। नगर कोतवाल पंकज तोमर के अनुसार, पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। पत्नी वर्तमान में अपने मायके में रह रही है। घटना के बाद भागते समय कार ने कई बाइक सवारों को टक्कर मार दी। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच जारी है।

# इमाम हसन की याद में महफिल

## शायरों ने कलाम पेश कर अदा किया खिराज-ए अकीदत, मौलाना ने सुनाई इमाम की जीवन गाथा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, बल्दीराय स्थित चक्कारी भीत में पैगम्बर मोहम्मद के बड़े नवासे हजरत इमाम हसन के जन्मदिन पर विशेष महफिल का आयोजन किया गया। इस दौरान शायरों ने अपने कलाम से खिराज-ए अकीदत अर्पित की।

मौलाना आले अहमद सैफ ने बताया कि इमाम हसन का जन्म 15 रमजान को हुआ था। उन्होंने इमाम हसन के दस्तरखान की महिमा का जिक्र किया। मदीने में उनका दस्तरखान हर दिन सजता था, जहां आम लोगों के साथ-साथ गरीब भी भोजन करने आते थे। मौलाना ने इमाम हसन के ऐतिहासिक सुलह का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि शाम के बादशाह द्वारा सुलह का प्रस्ताव रखा



गया। इमाम हसन ने सुलह नामे में पहली शर्त यह रखी कि हाकिम को कुरआन और सुन्नत का पालन करना होगा। हालांकि, बाद में हाकिम ने इस समझौते को तोड़ दिया। कार्यक्रम में मौलाना अमन अली ने भी व्याख्यान दिया। महफिल को फरहान अली, अली बाकिर, मोहम्मद रेहान, बेलाल अहमद, मिर्जा अली, मोहम्मद और अंसार हुसैन ने अपनी शायरी से सजाया। यह जानकारी सरवर हुसैन ने साझा की।

# युवक को गोली मारने वाले दो गिरफ्तार

## अलीगढ़ में युवक को दौड़ाकर मारी थी गोली, पीड़ित ने भागकर बचाई थी अपनी जान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, टप्पल थाना क्षेत्र में युवक को गोली मारने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुरानी रंजिश के कारण दोनों आरोपियों युवक के ऊपर गोली चला दी थी। गोली युवक के हाथ में गोली लगी थी और उसने भागकर जान बचाई थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच शुरू कर दी थी। वहीं पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने दोनों को दबोच लिया है। टप्पल थाना



क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी पवन कुमार पुत्र भूपेंद्र के ऊपर उसके गांव के ही रहने वाले कुलदीप पुत्र ज्ञानेंद्र और प्रशांत उर्फ छोटू पुत्र सुदेश ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया था। होलिका दहन के दिन ही रात में आरोपियों ने तमंचे से पीड़ित के ऊपर फायर कर दिया था। युवक के दाएं हाथ में गोली लगी थी और वह लहूलुहान हो गया था। आरोपियों ने उसे दौड़ा लिया था और पीड़ित ने भागकर जान बचाई थी। पीड़ित घायल अवस्था में ही थाने पहुंच गया था, जिसके बाद पुलिस ने घायल का इलाज कराया था और मेडिकल परीक्षण कराया था। इसके बाद पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी। जिसके बाद पुलिस को मुखबिर के जरिए आरोपियों की सूचना मिली थी। आरोपी गांव के बाहर ही अपने परिवार के लोगों से मिलने के लिए आए थे। तभी पुलिस टीम ने आरोपियों को दबोच लिया। उनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया तमंचा और अवैध कारतूस भी बरामद किए गए हैं। टप्पल थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# बहन की हत्या कर फरार भाई गिरफ्तार

## 4 बीघा जमीन के विवाद में बहन को चाकू-बांका से मारा, खून से सने कपड़े बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, एक भाई ने जमीन के विवाद में अपनी सगी बहन की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 14 मार्च को थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम खप्टिहाकला में हुई।

आरोपी संतोष निषाद ने अपनी बहन सुशीला को चाकू और बांका से गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल सुशीला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते



हुए आरोपी को ग्राम अलोना से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांका और खून से सने कपड़े भी बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मां ने सुशीला के नाम 4 बीघा जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। वह जमीन वापस मांगता था, लेकिन सुशीला मना कर देती थी। सुशीला जमीन को किसी और को बेचने की धमकी भी देती थी। संतोष कई दिनों से बहन की हत्या की योजना बना रहा था। सुशीला परिवार के साथ नागपुर में रहती थी। जब उसे पता चला कि सुशीला होली पर गांव आई है, तो वह मिलने के बहाने उसके घर गया। बहन को अकेला पाकर उसने हत्या कर दी। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चला रही है।

# पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

## बाइक से बिना किसी को बताए घर से निकला था, चोरमा बाजार के पास हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जयसिंहपुर, अंबेडकरनगर के भीटी थाना क्षेत्र के बोरा मठिया गांव निवासी रिंकू गिरी (28) की सड़क हादसे में मौत हो गई। देर शाम रिंकू बिना परिवार को बताए बाइक लेकर निकल गए थे। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के हलियापुर बेलवाई राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोरमा बाजार के पास हादसा हुआ। रिंकू की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक



पिकअप में जा घुसी। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही सेमरी चौकी के उपनिरीक्षक अविनाश चंद्र और सुबोध त्यागी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल रिंकू को बिरसिंहपुर के सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता फूलचंद, माता संजू देवी, बड़े भाई राहुल और बहनें अंजली व खुशबू समेत पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मथुरा में भाजपा के जिला और महानगर अध्यक्ष की घोषणा

## निर्भय पांडे जिलाध्यक्ष और राजू यादव बने महानगर अध्यक्ष

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, भाजपा संघठन चुनाव में जिला और महानगर अध्यक्ष पद पर घोषणा कर दी गई। पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर दोपहर दो बजे एक संयुक्त बैठक कर महानगर व जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई। जिलाध्यक्ष पद पर निर्भय पांडे और महानगर अध्यक्ष पद पर राजू यादव के नाम की घोषणा की गई। भाजपा के जिला और महानगर अध्यक्ष बनने के




लिए कई ऐसे भी नाम भी रेस में शामिल थे जो पूर्व में दिग्गज रह चुके हैं। जनप्रतिनिधि भी अपने करीबियों को अध्यक्ष बनाकर सियासी रसूख दिखाना चाहते थे। इसके लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगा चुके थे। भारतीय जनता पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव में आए परिणाम के बाद आगामी चुनावों को देखते हुए पार्टी अध्यक्षों की नियुक्ति में काफी मंथन किया जा चुका था। सत्ताधारी पार्टी होने की वजह से भाजपा में दावेदारों को कमी नहीं थी। इसलिए जातिगत फैक्टर के साथ-साथ पार्टी ने हर पहलू पर गौर किया। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया है कि जिला चुनाव अधिकारी नबाब सिंह नागर महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा मथुरा में 16 मार्च की प्रातः ही पहुंच गए थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटनपाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।।सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।